# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 12 अप्रैल 2025

संवत 2082, चैत्र शुक्लपक्ष 14 – मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 217 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ महावीर श्री हनुमान : आस्था, बल और बुद्धि के संगम

'रेड-2' से तमन्ना भाटिया का 'नशा' गाना हुआ रिलीज ◂◂ 6


# युवती का शव मिला, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

संवाददाता

**खूंटी :** राजधानी रांची से सटे खूंटी में एक युवती का शव आपत्तिजनक स्थिति में मिला है। आशंका है कि अज्ञात युवकी के साथ पहले दुष्कर्म किया गया। उसके बाद गला रेतकर उसकी हत्या कर दी गई। इसके बाद युवती के शव को जलाने का भी प्रयास किया गया है।

युवती का शव मिलने की सूचना के बाद कर्रा थाना प्रभारी एफएसएल की टीम के साथ मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार, मुरहू पार टांड़ खेत में बने कुंबा में नग्न अवस्था और चेहरा जला हुआ एक अज्ञात युवती का शव मिला। पुलिस के अनुसार, ऐसा प्रतीत हो रहा है कि हत्यारों ने कुंबा में ले जाकर पहले युवती का दुष्कर्म किया फिर बेरहमी से गला काटकर उसकी हत्या कर दी। सबूत मिटाने और पहचान छुपाने के मकसद से युवती का चेहरा जला दिया गया।

## डैम में नहाने गए 4 दोस्त पानी में डूबे, 2 की मौत, हत्या की आशंका

संवाददाता

**सरायकेला :** एक दर्दनाक हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

घटना जिले के कपाली के निकट डोबो डैम की है। बताया जा रहा है कि बीते शुक्रवार को 4 युवक डोबो डैम नहाने गए थे। इस दौरान नहाने के क्रम में चारों डूबने लगे। इनमें 2 युवकों ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई, लेकिन बाकी के 2 युवक गहरे पानी से निकलने में नाकाम रहे। स्थानीय लोगों की मदद से युवकों को बाहर निकाला गया। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले





जाया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

चारों युवक प्राइवेट नौकरी करते थे। कहा जा रहा है कि चारों वैष्णो देवी का कहकर घर से निकले थे। बचे दोनों दोस्त घटना के बाद फरार हो गए और जानकारी भी नहीं दी। इस बीच मृत युवकों के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। उसके बाद पूरा मामला पुलिस की जांच का बन गया है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद फूटा लोगों का गुस्सा, हाइवा में लगाई आग

**लातेहार :** बालूमाथ थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में रमेश उरांव नाम के बाइक सवार की मौत के बाद स्थानीय लोगों को गुस्सा फूट पड़ा। अक्रोशित लोगों ने सड़क को जाम कर दिया और एक हाइवा में आग लगा दी। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और माहौल को शांत कराया। शुक्रवार देर रात बालूमाथ-पांकी मेन रोड़ पर पचाफेड़ी के पास लावागड़ा गांव के रहने वाले रमेश उरांव को एक अज्ञात वाहन ने कुचल दिया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गये



और कोयला परिवहन कार्य में लगे एक हाइवा को आग के हवाले कर दिया। आक्रोशित ग्रामीण तत्काल मुआवजा की मांग कर रहे थे। पुलिस के द्वारा काफी मशक्त के बाद जाम को खत्म कराया गया। इस घटना के संबंध में थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन हो रही है। बाइक सवार को टक्कर मारने वाले वाहन की भी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इधर, स्थानीय लोगों ने बताया कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के कई सड़कों पर कोयला परिवहन करने वाली गाड़ियां अनियंत्रित रफ्तार में चलती है। इस कारण अक्सर सड़क दुर्घटना होती रहती है।

## आम का पेड़ गिरने से एक की मौत

**दुमका :** जिला में रामपुरहाट मुख्य मार्ग एनएच 114 अ पर चलती बाइक पर आम का पेड़ गिर गया। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ये हादसा शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के केसरगढ़ गांव के समीप हुई है।

दरअसल, मोहलपहाड़ी पोखरिया के रहने वाले कमलेश यादव अपने चाचा गंगाधर यादव के साथ शिकारीपाड़ा में अपनी चाय-नाश्ते की दुकान खोलने जा रहे थे। उनके साथ कमलेश का एक मित्र समीर गोराई भी साथ था। जैसे ही वे तीनों केसरगढ़ गांव के समीप पहुंचे, एक आम का पेड़ उन पर गिर गया। हादसे में वे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। कमलेश यादव को आनन फानन में दुमका स्थित फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर चाचा गंगाधर और उसके मित्र समीर की बेहतर इलाज के लिए पश्चिम बंगाल रेफर कर दिया गया है। इस संबंध में शिकारीपाड़ा के थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि चलती बाइक पर आम का पेड़ गिरने से यह हादसा हुआ है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई है। जबकि दो लोग घायल हुए हैं। बता दें कि दुमका-शिकारीपाड़ा के बीच सड़क किनारे दर्जनों ऐसे पेड़ हैं जो पुराने होकर सूख चुके हैं, जिससे हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है।

# एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रमोद कुमार का तबादला

### गैंगस्टर अमन साहू को किया था ढेर

संवाददाता

**रांची :** झारखंड के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रमोद कुमार उर्फ पीके का तबादला कर दिया गया है। एटीएस की टीम में हुए फेरबदल के बाद पीके का ट्रांसफर रामगढ़ किया गया है। इंस्पेक्टर डॉ पीके सिंह के साथ-साथ कई अन्य इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर और पुलिस कर्मियों का भी तबादला अन्य जिलों में किया गया है। डीआईजी कार्मिक द्वारा तबादले के संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। आपको बता दें कि तबादले की लिस्ट में सबसे खास नाम इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह का है।

पीके का तबादला उस रामगढ़ जिले में किया गया है, जहां गैंगस्टर अमर साहू का सिक्का चलता था जिसे प्रमोद कुमार ने पलामू में एनकाउंटर में ढेर किया था। रामगढ़ का पूरा इलाका अमन साहू गैंग के प्रभाव में अभी भी है। अमन के गुर्गे अभी भी रामगढ़ जिले में एक्टिव है। प्रमोद कुमार सिंह झारखंड पुलिस के तेज तर्रार और निडर अफसर माने जाते हैं। जब उनकी धनबाद में पोस्टिंग थी



उस दौरान वे लुटेरों से अकेले भीड़ गए थे और अपराधी को एनकाउंटर में मार गिराया था। लेकिन प्रमोद कुमार सिंह सबसे ज्यादा सुर्खियों में तब आए हैं, जब उन्होंने कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू को एनकाउंटर में मार गिराया।

प्रमोद कुमार 1994 बैच के सब-इंस्पेक्टर थे। चैनपुर में थाना प्रभारी भी रहे हैं। प्रमोशन के बाद अब वे एटीएस में डीएसपी हैं। थाना प्रभारी रहते हुए भी उन्होंने कई लुटेरों का एनकाउंटर किया था। जिस जगह अमन साहू का एनकाउंटर हुआ, वहां पहले भी एक डकैत मारा गया है। पलामू में अपनी तैनाती के दौरान पीके ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की थी। प्रमोद कुमार सिंह को एनकाउंटर स्पेशलिस्ट कहा जाता है।

### एल्युमिनियम फॉयल फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लगी भीषण आग

# पांच मजदूरों की मौत

एजेंसी

**नागपुर :** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में स्थित एक एल्युमिनियम फॉयल बनाने वाली फैक्ट्री में शुक्रवार शाम हुए भीषण विस्फोट और उसके बाद लगी आग ने तबाही मचा दी। इस दर्दनाक हादसे में कम से कम पांच मजदूरों की मौत हो गई है, जबकि कुछ अन्य घायल हुए हैं।

घटना नागपुर के उमरेड एमआईडीसी (एमआईडीसी) इलाके की है। शुक्रवार शाम करीब 7 बजे एल्युमिनियम फॉयल फैक्ट्री की पॉलिश ट्यूबिंग यूनिट में अचानक जोरदार धमाका हुआ। धमाके के तुरंत बाद फैक्ट्री में आग लग गई। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में मौजूद एल्युमिनियम पाउडर के कारण आग ने और भी विकराल रूप ले लिया। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि धुएं का गुबार करीब एक किलोमीटर दूर तक देखा गया।

हादसे के वक्त फैक्ट्री में कुल 87 कर्मचारी मौजूद थे। विस्फोट और आग की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गए। नागपुर ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक (एसपी) हर्ष पोद्दार ने जानकारी देते हुए बताया कि शुरूआत में 6 लोगों के घायल होने की खबर थी, जिन्हें तुरंत नागपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया। दुर्भाग्यवश, इलाज के दौरान इनमें से दो मजदूरों ने दम तोड़ दिया। इसके अतिरिक्त, तीन अन्य लोग जो पहले लापता बताए जा रहे थे, उनकी भी मौत की पुष्टि कर दी गई है। इस प्रकार, हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। आग की भयावहता और एल्युमिनियम पाउडर की मौजूदगी के कारण उस पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। दमकल कर्मियों ने कई घंटों की कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार आग पर काबू पाया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय विधायक संजय मेश्राम और पूर्व विधायक राजू परवे भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों से बात की। प्रशासन फिलहाल घटना के कारणों की विस्तृत जांच कर रहा है। इस हादसे से इलाके में शोक का माहौल है।

# वक्फ कानून को लेकर मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा मामले में 110 गिरफ्तार, अन्य जिलों में भी छापेमारी जारी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पश्चिम बंगाल पुलिस ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में भड़की हिंसा के सिलसिले में 110 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि विरोध प्रदर्शन मालदा, मुर्शिदाबाद, दक्षिण 24 परगना और हुगली जिलों में फैल गया, जिसके कारण आगजनी, पथराव और सड़क अवरोध उत्पन्न हो गए। पुलिस ने बताया कि इन सभी जिलों में छापेमारी की जा रही है और अकेले मुर्शिदाबाद में 110 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंसा के सिलसिले में सुती से लगभग 70 लोगों और समसेरगंज से 41 लोगों



को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि हिंसा प्रभावित इलाकों में शनिवार सुबह भी स्थिति तनावपूर्ण बनी रही, हालांकि कोई नई घटना नहीं हुई।

हिंसा से सबसे अधिक प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं, जहां हिंसा हुई थी। एक अधिकारी ने कहा कि सुती और समसेरगंज इलाकों में गश्त जारी है। किसी को भी कहीं भी इकट्ठा होने की अनुमति नहीं है। हम कानून और व्यवस्था की स्थिति को बाधित करने के किसी भी प्रयास की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। पुलिस ने बताया कि सुती में झड़प के दौरान कथित पुलिस गोलीबारी में घायल हुए एक किशोर को कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

भाजपा ने ममता बनर्जी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि अगर वह स्थिति को संभालने में असक्षम है, तो उसे केंद्र से सहायता मांगनी चाहिए। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह ज्ञात हो कि यह विरोध का कार्य नहीं था, बल्कि हिंसा का एक पूर्वनियोजित कार्य था, जिहादी ताकतों द्वारा लोकतंत्र और शासन पर हमला था, जो अपने प्रभुत्व का दावा करने और हमारे समाज के अन्य समुदायों में भय पैदा करने के लिए अराजकता फैलाना चाहते हैं।

## यूपीआई सर्वर फिर डाउन, ग्राहकों और दुकानदारों में हड़कंप

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश के सबसे लोकप्रिय डिजिटल पेमेंट सिस्टम, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) में शनिवार को एक बार फिर तकनीकी खराबी आ गई। इस गड़बड़ी के कारण देशभर में हजारों यूजर्स को पेमेंट करने और पैसे ट्रांसफर करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर को अचानक यूपीआई सेवाएं बाधित हो गईं। इसका असर गूगल पे, फोनपे और पेटीएम समेत लगभग सभी प्रमुख यूपीआई ऐप्स पर देखने को मिला। यूजर्स ने शिकायत की कि वे न तो किसी को पैसे भेज पा रहे हैं और न ही पेमेंट प्राप्त कर पा रहे हैं। आउटेज को ट्रैक करने वाली वेबसाइट डाउनडिटेक्टर पर भी यूपीआई डाउन होने की शिकायतों का अंबार लग गया। रिपोर्ट के मुताबिक, दोपहर 12 बजे तक ही यूपीआई में समस्या की शिकायत करने वाले यूजर्स की संख्या 1,000 के आंकड़े को पार कर गई थी। परेशान यूजर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, खासकर ट्विटर पर भी अपनी भड़ास निकाली। कई लोगों ने पेमेंट फेल होने के स्क्रीनशॉट साझा किए और संबंधित बैंकों तथा एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) से जल्द समाधान की मांग की। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब यूपीआई सिस्टम में इस तरह की दिक्कत आई है। कुछ ही दिन पहले भी यूपीआई सेवाएं अचानक ठप हो गई थीं, जिससे लाखों यूजर्स प्रभावित हुए थे और घंटों तक कोई भी यूपीआई ट्रांजैक्शन नहीं कर पा रहे थे।

## ऑस्ट्रेलिया में भारतीय दूतावास पर हमला

**नई दिल्ली :** मेलबर्न के भारतीय वाणिज्य दूतावास में एक बार फिर तोड़फोड़ की गई है। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में भारतीय वाणिज्य दूतावास की दीवारों पर कुछ अराजक तत्वों ने आपत्तिजनक बातें लिख दीं। इस घटना के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने ऑस्ट्रेलिया सरकार से कड़ी आपत्ति जताई है और तुरंत जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग ने इस मुद्दे को ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के सामने रखा। इस दूतावास में पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। अंतरराष्ट्रीय तनाव के दौरान पहले भी यहां की दीवारों पर भड़काऊ नारे लिखे गए थे। भारत ने साफ कहा है कि दुनिया के किसी भी देश में भारतीय दूतावासों की सुरक्षा उस देश की जिम्मेदारी है। विदेश मंत्रालय ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ऑस्ट्रेलिया से उचित कदम उठाने को कहा है।

### जम्मू-कश्मीर

## अखनूर मुठभेड़ में सेना का जेसीओ शहीद, किश्तवाड़ में जैश के 3 आतंकी ढेर



एजेंसी

**जम्मू :** जम्मू जिले के अखनूर इलाके में आतंकियों के साथ मुठभेड़ के दौरान सेना का एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) शहीद हो गया। यह मुठभेड़ शुक्रवार देर रात अखनूर के केरी बट्टल इलाके में शुरू हुई थी और शनिवार सुबह तक जारी रही। सेना और सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और तलाशी अभियान जारी है।

इससे पहले शुक्रवार को किश्तवाड़ जिले के घने जंगलों में भी सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई। इस ऑपरेशन में देर रात तक तीन आतंकियों को मार गिराया गया। अधिकारियों के अनुसार, मारे गए सभी आतंकी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े थे, जिनमें संगठन का टॉप कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल है।

वहीं, बीते दिनों सीमा पर भी घुसपैठ की कई कोशिशें नाकाम की गईं। 4 और 5 अप्रैल की दरम्यानी रात को जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में बीएसएफ के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को ढेर कर दिया था। इससे पहले 1 अप्रैल को पुंछ के कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुए एनकाउंटर में सेना ने 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया था। सुरक्षा एजेंसियां लगातार सतर्क हैं और सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है।

### निसंतान दंपति के लिए वरदान से कम नहीं ये नया ट्रीटमेंट

# दुनिया के पहले एआई बेबी का हुआ जन्म

एजेंसी

**नई दिल्ली :** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल अब सिर्फ अपना काम आसान करने के लिए ही नहीं बल्कि बच्चे पैदा करने के लिए भी किया जाने लगा है। जी हां एआई की मदद से दुनिया के पहले बच्चे ने जन्म ले लिया है, जिसने इनफर्टिलिटी ट्रीटमेंट की दिशा ही बदल दी है। दुनिया के पहले एआई पावर्ड आईवीएफ बच्चे का जन्म उन महिलाओं के लिए आशा की किरण है जो किसी कारणवश मां नहीं बन पाती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एआई की मदद से आईवीएफ सिस्टम का इस्तेमाल करके दुनिया का पहला बच्चा पैदा हुआ है, यह सिस्टम इंट्रासाइटोप्लाजमिक स्पर्म इंजेक्शन (आईसीएसआई) की पारंपरिक मैनुअल प्रक्रिया की जगह लेती है, जो कि एआई में इस्तेमाल की जाने वाली एक आम विधि है। आईवीएफ प्रोसेस के दौरान पुरुष के स्पर्म और महिला के एग को फर्टिलाइज कराया जाता है। फिर एंब्रियो को ट्रांसफर किया जाता है। इस पुरी प्रॉसेस में स्पर्म सलेक्शन से लेकर इंजेक्ट और ट्रांसफर का काम डॉक्टर का होता है।

### 40 वर्षीय महिला बनी एआई की मदद से मां

एक 40 वर्षीय महिला, जो पिछले असफल प्रयास के बाद डोनर अंडे के साथ आईवीएफ उपचार करवा रही थी, इस नई स्वचालित प्रक्रिया का उपयोग करके गर्भवती हो गई। एक भ्रूण स्वस्थ ब्लास्टोसिस्ट में विकसित हुआ, जिसे फ्रीज किया गया और बाद में स्थानांतरित किया गया, जिससे एक स्वस्थ बच्चे का जन्म हुआ। स्वचालित प्रणाली ने शुक्राणु इंजेक्शन प्रक्रिया के हर हिस्से को संभाला, जिसमें अकके साथ शुक्राणु का चयन करना, इसे लेजर से स्थिर करना और इसे अंडे में इंजेक्ट करना शामिल है - यह सब मानव की तुलना में अधिक गति और सटीकता के साथ किया जा सकता है।

एआई -सहायता प्राप्त आईवीएफ प्रणाली प्रजनन चिकित्सा में एक क्रांतिकारी कदम है, यह न केवल प्रक्रिया की सटीकता और सफलता दर को बढ़ा सकती है, बल्कि आईवीएफ उपचार को अधिक सुलभ और किफायती भी बना सकती है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है



कि इस तकनीक के व्यापक उपयोग से पहले और अधिक अध्ययन और परीक्षण आवश्यक है। इस उपलब्धि ने प्रजनन चिकित्सा के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं, जिससे उन दंपतियों को आशा की नई किरण मिली है जो संतान प्राप्ति में कठिनाइयों का सामना कर रहे है।

न्यूज ब्रीफ

## मोरहाबादी में 4 करोड़ से तैयार वेंडिंग जोन 20 तक होगा शुरू

**रांची :** मोरहाबादी मैदान के पास करीब चार करोड़ आठ लाख रुपये की लागत से तैयार किए जा रहे वेंडिंग जोन के 20 अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। रांची नगर निगम की ओर से कराए जा रहे इस निर्माण से मोरहाबादी मैदान इलाके में सड़क पर दुकान लगाने वालों को स्थान आवंटित कर व्यवस्थित किया जाएगा। दो सौ से ज्यादा दुकानदारों को एक जगह पर बसाए जाने से यहां आने वाले ग्राहकों को एक ही छत के नीचे फल-सब्जी समेत घरेलू उपयोग के अन्य सामान आसानी से उपलब्ध होंगे। उम्मीद है कि इस तरह की व्यवस्था से सड़कों पर वाहनों और राहगीरों की आवाजाही आसान होगी। लॉटरी के माध्यम से वेंडिंग जोर आवंटन में नगर निगम में पहले से पंजीकृत दुकानदारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

वेंडिंग जोन के निर्माण कार्य की प्रगति को देखने के लिए नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह ने शुक्रवार को अपर प्रशासक संजय कुमार और टीम के साथ वेंडिंग जोन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संवेदक को तीन दिन के अंदर बचे हुए काम को पूरा कर वेंडिंग जोन हैंडओवर करने के निर्देश दिए।

इंजीनियरिंग शाखा को मार्केट की दीवार एवं अन्य स्थान पर रंग-रोगन, साइन बोर्ड के अलावा दीवार पर स्थानीय संस्कृति की कलाकृति तैयार करने को भी कहा। स्वच्छता शाखा को वेंडर्स और यहां खरीदारी के लिए आने वाले उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए बेहतर यूरिनल और शौचालय का निर्माण कराने के भी दिशा-निर्देश दिए। वेंडिंग जोन के निरीक्षण के क्रम में सहायक प्रशासक निकेश कुमार, नगर निवेशक राम बदन सिंह, कई अभियंता, नगर अभियान प्रबंधक एवं अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे।

प्रशासक ने एनयूएलएम शाखा को तीन दिन के अंदर मोरहाबादी में फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले वेंडर्स की सूची तैयार करने एवं अंतिम सत्यापन का काम पूरा करने को कहा। इसके बाद लॉटरी के जरिए वेंडर्स को मार्केट में व्यवस्थित किया जाएगा।

## तालाब में डूबने से चार लड़कियों की दर्दनाक मौत



**गढ़वा:** जिले में दो नाबालिग और दो युवतियों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उप-विभागीय अधिकारी (गढ़वा) संजय कुमार पांडेय ने बताया कि नाबालिग और युवतियां नहाने के लिए तालाब पर गई थीं, जिनमें से एक तालाब के गहरे हिस्से में चली गई।

उन्होंने बताया कि उसे बचाने के प्रयास में अन्य नाबालिग और युवती भी तालाब में कूद गई और डूब जाने से उनकी मौत हो गई। मृतकों के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ पुलिस को सूचना दी और बाद में शवों को तालाब से बाहर निकाला गया।

अधिकारी ने बताया कि गढ़वा सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने कहा कि मृतकों की पहचान 10 वर्षीय लाडो सिंह, मीठी सिंह (15), रोमा सिंह (18) और अंकिता सिंह (22) के रूप में हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## ट्रिपल मर्डर, तीन शव मिलने से फैली सनसनी

**गिरिडीह :** जिले में एक साथ तीन शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव एक ही परिवार के तीन लोगों के हैं। इनमें मां, बेटा और बेटी शामिल हैं। घटना गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड के लोकायनपुर थाना क्षेत्र की है। 29 वर्षीय रेणु और उसके 6 वर्षीय बेटे सचित का शव पेड़ से लटका मिला। जबकि 8 वर्षीय बेटी सरिता का शव तालाब में मिला। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। तीनों के शवों को कब्जे में ले लिया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि तिसरी प्रखंड के लोकायनपुर थाना क्षेत्र के बरदोनी गांव निवासी चारो हेम्ब्रम का अपनी पत्नी रेणु टुडू से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद के बाद चारो हेम्ब्रम ने अपनी पत्नी की पिटाई कर दी। रेप के बाद मर्डर की आशंका अगले दिन शुक्रवार को बरदोनी गांव से करीब ढाई किलोमीटर दूर स्थित तालाब में एक युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवती की पहचान चारो हेम्ब्रम की पुत्री सरिता हेम्ब्रम के रूप में हुई। इस घटना के बाद घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक पेड़ से मां-बेटे का शव लटकता मिला। एक साथ अलग-अलग इलाकों में तीन शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पेड़ से लटके शव सरिता हेम्ब्रम की मां-रेणु टुडू और उसके भाई सचित हेम्ब्रम के थे। मां और उसके बेटे-बेटी का एक साथ शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और पूरा इलाका दहल गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में ले लिया। घटना के बाद पुलिस ने हत्या व अन्य बिंदुओं पर गहन जांच शुरू कर दी है। लोगों का कहना है कि पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद चारो हेम्ब्रम ने अपनी पत्नी और बेटे-बेटी की हत्या कर दी होगी। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुट गई है। मामले में पति को हिरासत में ले लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पारिवारिक विवाद बना जानलेवा, दो भाइयों ने रिश्तेदार की कर दी हत्या

खूंटीः जिले के मरांगहादा थाना क्षेत्र के गड़ामडा गांव में जमीन विवाद में दो सगे भाइयों ने मिलकर अपने एक रिश्तेदार गांगो मुंडा (35) की धारदार हथियार से वारकर हत्या कर दी। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं शव को कब्जे में लिया। वहीं, हत्या के एक आरोपित बुधु मुंडा ने मरांगहादा थाने में आकर आत्मसमर्पण कर दिया। हत्या में शामिल अछु मुंडा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। यह जानकारी एसडीपीओ वरुण रजक ने दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की सुबह लगभग 9 बजे गांगो मुंडा नहाने के लिए घर के समीप डोभा में गया था। उसी समय बुधु मुंडा और अछु मुंडा डोभा पहुंचे एवं गांगो मुंडा पर तेज धारदार से सिर तथा गर्दन में हमला कर दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। एसडीपीओ ने बताया कि हत्या करने के बाद एक आरोपित बुधु मुंडा ने मरांगहादा पहुंचकर सरेंडर कर दिया। एसडीपीओ वरुण रजक ने बताया कि पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। जल्द ही दूसरे आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने सरेंडर किये बुधु मुंडा को शुक्रवार को ही न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## मुंडा सभा ने सिदो-कान्हू को किया नमन

रांची। मुंडा सभा के सदस्यों ने शहीद सिदो-कान्हू की जयंती पर शुक्रवार को सिदो-कान्हू पार्क में दोनों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा के महासचिव बिलकन डांग, प्रभु सहाय सांगा, पौलुस बुढ़, सोसन समद, रोयल डांग, जगन्नाथ मुंडू, आसियान सुरीन, सोमरा होरो, दास तोपनो, आंध्ररियास लोमगा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस ने बाबा साहब के सपनों और उनके विचारों को बार-बार रौंदा : बाबूलाल मरांडी

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में अंबेडकर सम्मान अभियान को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने की। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष गण, सांसद, विधायकगण, अभियान की प्रदेश टोली, जिलाध्यक्ष गण सहित अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का विषय प्रवेश किशुन दास ने संचालन रंजन पासवान ने, प्रस्तावना का वाचन आरती कुजूर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रभात भुइयां ने किया। अतिथियों का स्वागत प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, भानु प्रताप शाही, वरुण साहू आदि ने किया। कार्यशाला में पीपीटी के माध्यम से कांग्रेस द्वारा बाबा साहब अम्बेडकर को किए गए अपमान और भाजपा सरकार द्वारा दिए गए सम्मान को दिखाया गया।

कांग्रेस ने संविधान की धज्जियां उड़ाईः अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब अम्बेडकर के सपनों को, उनके विचारों को बार -बार रौंदा। देश की बड़ी आबादी दलित समाज को मुख्यधारा से कभी जुड़ने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी यह जानती थी कि बाबा साहब का महिमा मंडन होगा तो उनके विचार देश के सामने आयेंगे तो कांग्रेस पार्टी का देश विरोधी, दलित विरोधी सोच उजागर होगी। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब को बार -बार अपमानित किया। उन्हें संविधान सभा में नहीं आने देने का षडयंत्र रचा, उन्हें दो बार चुनाव हराने की साजिश रची गई, लेकिन बाबा साहब बादलों को चीरते हुए राजनीतिक क्षितिज पर चमकते रहे। उन्होंने कहा कि यही कांग्रेस है जिसने संविधान की धज्जियां उड़ाई, लोकतंत्र को कुचला, देश में 90 बार से चुनी हुई सरकार को हटाकर राष्ट्रपति शासन थोपा, आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा और आज पॉकेट में संविधान रखकर जनता के बीच भ्रम फैला रहे।




हम कांग्रेस के काले कारनामों को उजागर करेंगेः मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतागण प्रारंभ से आरक्षण के विरोध में बयान देते रहे हैं, लेकिन आज ये भाजपा पर आरक्षण समाप्त करने का भ्रम फैलाते हैं, संविधान का बार- बार अपमानित करने वाले संविधान बदलने का आरोप लगाते हैं। मरांडी ने कहा कि भाजपा इसका मुंहतोड़ जवाब दे रही। हम बार- बार जनता के बीच जायेंगे और कांग्रेस के काले कारनामों को उजागर करेंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब को सच्चा सम्मान भाजपा ने दिया। अटल -आडवाणी के नेतृत्व में चल रही भाजपा समर्थित वीपी सिंह सरकार ने उन्हें भारत रत्न दिया , संसद के सेंट्रल हॉल में तैल चित्र लगवाए, आज मोदी सरकार ने उनसे जुड़े पांच स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया है। मरांडी ने कहा कि बाबा साहब के विचारों के अनुरूप मोदी सरकार अंत्योदय के कार्यों को तेजी से धरातल पर उतार रही।

## शहीद गोपाल सिंह मुंडा व कांडे मुंडा का शहादत दिवस मना




मेट्रो रेज संवाददाता

**मुरी :** माकपा व झारखंड राज्य किसान सभा के तत्वावधान में राहे में शहीद गोपाल सिंह मुंडा एवं कांडे मुंडा का शहादत दिवस सम्मान पूर्वक मनाया गया। शहीद गोपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात मुख्य वक्ता ने अपने संबोधन में शहीदों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा शहीद गोपाल मुंडा एवं कांडे मुंडा की शहादत 10 अप्रैल 1992 को डोरया में हुई थी, उनके शहादत की सूचना मिलने पर पांचपरगना में शोक की लहर फैल गयी, दर्जनों गांवों में चुल्हे नहीं जले थे। शहीद गोपाल सिंह मुंडा छात्र जीवन से ही अदम्य साहसी,ईमानदार, न्याय प्रियता के हिमायती थे। उनके पार्टी व देश के प्रति योगदान को आने वाली युवा पिढ़ी सदैव याद रखेगा, कर्तव्य के आगे जान न्योछावर कर शहादत देने वाले गोपाल सिंह मुंडा को राहे सहित झारखंड,व देश कभी भूला नहीं सकता। शहीद कभी दफन नहीं होते,बीज की तरह फलते-फूलते हैं। किसान मजदूरों, आदिवासियों के संघर्षों में इंकलाब के रूप में गोपाल सिंह मुंडा सदा जिंदा रहेंगे।माकपा राज्य कमिटी सदस्य सह झारखंड राज्य जनवादी महिला समिति के राज्य उपाध्यक्ष रंगोवती देवी ने का शहीद गोपाल सिंह मुंडा भरी जवानी में शहादत का बेमिसाल उदाहरण पेश किया है, उनके शहादत से सभी का सिर झुक जाता है। इस अवसर पर जिला कमिटी सदस्य जयपाल सिंह मुंडा, शोभाराम महतो, बिसमवर महतो, जिला किसान कौंसिल सदस्य सदानंद महतो लोकल कमिटी सदस्य श्रवण मुंडा, पोली गोझू, मूंगा महली,मालू मुंडा, गोविंद मुंडा, बुधराम मांझी , संतोष मुंडा, शहीद पत्नी संपत्ति देवी, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। शहीद गोपाल सिंह मुंडा अमर रहे, शहीद कांडे मुंडा अमर रहे के नारे लग रहे थे।

## ग्राम पंचायतों के लिए सहकारी समिति गठन पर संगोष्ठी- सह- प्रशिक्षण कार्यक्रम




मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा :** सीएसआर, डीवीसी, केटीपीएस द्वारा आयोजित ग्राम पंचायतों को सहकारी समितियों के निर्माण के लिए ज्ञान और उपकरणों से सशक्त बनाने के लिए एक संगोष्ठी- सह- प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य एक बेहतर और अधिक आत्मनिर्भर समुदाय बनाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता केटीपीएस के सीजीएम और एचओपी मनोज कुमार ठाकुर ने की। व्याख्यान क्रमशः कोडरमा और चंदवारा के सहकारी विस्तार अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव और अमित रंजन ने दिए। संगोष्ठी के दौरान शामिल किए गए मुख्य विषय में सहकारी समितियों का गठन और पंजीकरण प्रक्रिया, सोसायटी अधिनियम 1935 और 1996 का अवलोकन, जिसमें 2015 में प्रमुख संशोधन किए गए, सहकारी संरचनाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का महत्व, चुनाव प्रक्रिया और समिति गठन, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की भूमिका और संरचना, वार्षिक आम बैठकों (एजीएम) का संचालन, सहकारी समितियों के लिए उपयुक्त विभिन्न व्यवसाय और कार्य मॉडल, इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों और अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिनमें शामिल ए.पी। लाल, गंगा सागर सिंह, निशांत केरकेट्टा, कौशिक रॉय, आशिम अमिताभ परिदा, दीपंती जायसवाल, कुलदीप राम और केटीपीएस के समर्पित टीम सदस्य। हम इस कार्यक्रम को सार्थक और प्रभावशाली बनाने के लिए सभी गणमान्य व्यक्तियों, संसाधन व्यक्तियों और प्रतिभागियों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

## अवैध बालू ढुलाई का खेल, सरकार को हो रहा राजस्व नुकसान



### माफिया वसूल रहे मनमानी राशि

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा :** जिले में इन दिनों ट्रेक्टर के माध्यम से बालू तस्करी का खेल जोरों से चल रहा है। अवैध ढुलाई पर प्रतिबंध होने के बावजूद बालू माफिया खुलेआम डोमचांच थाना क्षेत्र के बागडो सड़क मार्ग होते हुए बुच्चीटांड़ के रास्ते कोडरमा प्रखण्ड के विभिन्न इलाकों में बालू दुलाई करते हैं। रात के अंधेरे से अहले सुबह तक बालू दुलाई का खेल सैकड़ों ट्रैक्टरों के माध्यम से चलता है। नवालशाही थाना क्षेत्र के निमाडीह, कुण्डी धनवार नदी तट से हर दिन सैकड़ों ट्रैक्टर बालू की अवैध ढुलाई डोमचांच थाना, कोडरमा थाना क्षेत्र के आसपास क्षेत्र में मुख्य सड़क मार्ग से की जाती है। जबकि डोमचांच व कोडरमा पुलिस रातभर पेट्रोलिंग गस्ती करती है। अवैध बालू ढुलाई से राज्य सरकार को लाखों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है। वही इन दिनों बालू माफिया अवैध बालू बेचकर मनमाना राशि वसूल रहे हैं। हालाकि पुलिस प्रशासन की और से बीच बीच छापेमारी अभियान चलाई जाती है। इसके बावजूद बालू माफिया अवैध उत्खनन कर विक्री कर मनमाना राशि की वसूली करते है।

## माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 60 केंद्रों पर शुरू

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 की व्यवहत उत्तर पुस्तिकाओं का शनिवार से मूल्यांकन प्रारंभ हो रहा है। इसके लिए 60 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। मूल्यांकन कार्य के निष्पादन को लेकर शुक्रवार को झारखंड अधिविद्य परिषद् की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मूल्यांकन संबंधी विस्तृत जानकारी दी गयी। परिषद की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं सभी मूल्यांकन केंद्रों के निदेशक व अन्य शामिल थे।

मूल्यांकन कार्य के निष्पादन को लेकर आयोजित कार्यशाला में स्पष्ट हिदायत दी गयी है कि मूल्यांकन का कार्य पूरी तरह सीसीटीवी की निगरानी में किया जाएगा। इसके लिए मूल्यांकन केन्द्र में सीसीटीवी का परिचालन सुनिश्चित किया जाय। परीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण के पूर्व अपने स्तर से नियुक्ति पत्र की समीक्षा कर ली जाए कि उसमें किसी ऐसे शिक्षक का नाम तो नहीं है, जिनकी नियुक्ति उक्त विषय में नहीं है या प्रयोगशाला सहायक/ अनुदेशक नहीं है। जो अर्हता पूर्ण नहीं करते हैं या काली सूची में हैं या सेवानिवृत/ मृत/ बर्खास्त/ निलम्बित हैं या कोई ऐसे मामले, जिन पर विभागीय कार्यवाही चल रही हो या अन्य मामले जिसमें शिक्षक को परीक्षक नहीं बनाया जा सकता है।? यदि उपरोक्त मामले पकड़ में आते हैं तो उक्त शिक्षक का नियुक्ति पत्र अपने पास सुरक्षित रखते हुए परिषद को अविलम्ब सूचित किया जाए। मूल्यांकन केन्द्र में उत्तरपुस्तिकाओं के संधारण के लिए एक सुरक्षित कक्ष होगा, जो सीलबन्द कर रखा जायेगा। हर दिन मूल्यांकन प्रारम्भ होने के पूर्व केन्द्र निदेशक एवं समन्वयक की उपस्थिति में कक्ष को खोला एवं सीलबन्द किया जायेगा।

मूल्यांकन केंद्र में मोबाइल वर्जित मूल्यांकन कार्य पूर्वाहन 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक किया जा सकेगा। केन्द्र में किसी भी बाहरी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश वर्जित होगा। केन्द्र निदेशक को छोड़कर मूल्यांकन केन्द्र में किसी भी परीक्षक या कर्मी को मोबाइल फोन का उपयोग करना वर्जित होगा। उत्तरपुस्तिका में परीक्षार्थी द्वारा जिस पृष्ठ पर अंतिम उत्तर की समाप्ति की गई है, उस पृष्ठ में परीक्षक अपना हस्ताक्षर कर मुहर लगायेंगे तथा शेष सादे बचे पृष्ठों को क्रॉस कर दिया जाए, ताकि बाद में किसी प्रश्न का उत्तर लिखे जाने की कोई सम्भावना न रहे। प्रतिदिन 40 की संख्या में मूल्यांकन करना आवश्यक होगा। यदि छात्र द्वारा उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर रौल कोड, रौल नं आदि रिक्त छोड़ दिया गया है या गलत भरे गए हैं, वैसी स्थिति में उक्त उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन कराकर परिषद कार्यालय को सीलबंद उपलब्ध करा दिया जाए।

## किरतो डैम से नर कंकाल बरामद, पहचान में जुटी पुलिस

**गुमला :** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा हरिजन कॉलोनी के समीप किरतो डैम से एक नर कंकाल बरामद हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी, एसआई दिनेश कुमार व एएसआई निर्मल राय के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से नर कंकाल को डैम से निकलवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को बाहर निकलवाया। शव को सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया है, जहां उसकी पहचान और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी रहेगी। इस घटना ने क्षेत्र में हलचल मचा दी है। लोगों में दहशत का माहौल है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव की पहचान के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे और मामले की गहराई से जांच की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि यदि किसी को शव की पहचान के बारे में कोई जानकारी हो, तो पुलिस से संपर्क करें। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# सुपर स्पेशियलिटी में चिकित्सा सेवा जल्द करें शुरू : उपायुक्त

मेट्रो रेज संवाददाता

**धनबाद :** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआइएम) समेत अन्य स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में चरणबद्ध तरीके से गैर आपातकालीन सेवाओं की शिफ्टिंग कार्य में तेजी लाने व चिकित्सा सेवा शुरू करने का निर्देश दिया। अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट की प्रतिनियुक्ति, रैंप निर्माण, मॉड्यूलर ओटी, लिफ्ट, मुख्य प्रवेश द्वार का चौड़ीकरण, बाउंड्री वॉल आदि को दुरुस्त करने तथा कैथलैब में चिकित्सीय सेवा शुरू करने के लिए सभी तैयारियां पूरी करने को कहा। उपायुक्त ने उक्त मिशन के तहत निर्मित हेल्थ सब सेंटरों की जांच कर एक सप्ताह में हैंडओवर करने का निर्देश दिया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं, सीएम हॉस्पिटल मेंटेनेंस योजना आदि की समीक्षा की। बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, एसएनएमएमसीएच के प्राचार्य डॉ एसके चौरसिया, अधीक्षक डॉ दिनेश कुमार गिंदौरिया, डॉ राजकुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल चंदन कुमार, जेबीवीएनएल के



कार्यपालक विद्युत अभियंता शिवेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

निरसा में बने नये स्वास्थ्य केंद्र में सीएचसी को शिफ्ट करें

उपायुक्त ने निरसा में निर्मित 100 बेड के मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पानी की व्यवस्था दुरुस्त कर वर्तमान में संचालित सीएचसी को उसमें शिफ्ट करने का निर्देश दिया। कहा कि यहां पानी की समस्या को लेकर चिकित्सा सेवा शुरू नहीं होना स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की लापरवाही है।

बैठक के लिए पहुंचे एमओआइसी को लौटाया गया : स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम ने जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों के एमओआइसी को इस बैठक में शामिल होने के लिए बुलाया था। तय समय पर दिन के 11 बजे सभी एमओआइसी समाहरणालय पहुंचे थे। लेकिन करीब आधा घंटा के इंतजार के बाद सीएस ने सभी को लौट जाने को कहा। ऐसे में उन्हें जहां परेशानी हुई, वहीं उनके स्वास्थ्य केंद्रों में पहली पाली में चिकित्सा सेवा भी प्रभावित रहीं।

# झारखंड में सस्ती हो सकती है शराब, वैट 70 प्रतिशत तक कम करने की हो रही है तैयारी

संवाददाता



**रांची :** झारखंड में शराब सस्ती हो सकती है। उत्पाद विभाग की शराब पर वैट 5 प्रतिशत कम करने की तैयारी है। विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया है। वित्त विभाग ने इस प्रस्ताव पर सहमति दे दी है।

उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड के पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ में शराब पर लगनेवाला वैट काफी कम है, ऐसे में इन राज्यों से लोग शराब खरीदकर झारखंड लाते है। इससे राज्य को आर्थिक नुकसान होता है। जल्दी ही वैट कम करने का प्रस्ताव कैबिनेट में लाया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद इसे तत्काल लागू कर दिया जाएगा।

मंत्री ने आगे कहा कि 70 प्रतिशत वैट घटाने से शराब की बिक्री में अप्रत्याशित बढ़ोतरी होगी। उम्मीद है कि वैट घटाने के बाद सरकार को चालू वित्त वर्ष में करीब 4500 करोड़ रुपये का राजस्व मिलेगा। उन्होने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभाग ने अपने लक्ष्य के मुकाबले 2700 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया था। पिछले चार महीने में ही सरकार को शराब से 1400 करोड़ रुपए राजस्व मिला। वैट घटने से और बढ़ोतरी होगी।

अभी शराब पर 75 प्रतिशत वैट लगता है। नई व्यवस्था लागू होने पर यह घटकर पांच प्रतिशत पर आ जाएगा। एक अनुमान के अनुसार, अभी जो शराब 5000 रुपए में मिलती है, उसकी कीमत 1800 रुपए तक घट जाएगी। यानी वह शराब करीब 3200 रुपए में मिलेगा। हालांकि यह तब संभव होगा, जब कैबिनेट इस प्रस्ताव पर मुहर लगा देगी। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि राज्य में ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम को कड़ाई के साथ लागू किया जाएगा। इसके माध्यम से हर बोतल की निगरानी होगी। इससे नकली और अवैध शराब पर प्रतिबंध लगाने की सुविधा होगी। नई नीति लागू होने के बाद शराब दुकानों की संख्या बढ़ाने का भी प्रयास किया जाएगा। इससे भी राजस्व में वृद्धि होगी।

## बाबूलाल की पत्नी का हुआ सफल ऑपरेशन, वित्त मंत्री ने अस्पताल जाकर जाना हाल



**रांची:** झारखंड के पहले मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की पत्नी शांति मुर्मू रांची के आर्किड अस्पताल में भर्ती है। गॉलब्लैडर स्टोन का अस्पताल में शुक्रवार को सफल ऑपरेशन हुआ। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अस्पताल जाकर शांति मुर्मू से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य को लेकर जानकारी ली। राधाकृष्ण किशोर ने उनके जल्द स्वस्थय होने की भी कामना की।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम– दीपक कुमार पंडित, उम्र करीब–16 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–4 फीट 5 इंच, पहनावा– उजला रंग का शर्ट, काला–निला रंग का जिन्स एवं काला रंग का कोर्ट पहना हुवा है।

उपरोक्त लापता लड़का दीपक कुमार पंडित, उम्र करीब–16 वर्ष, पे0–केदारनाथ पंडित, सा0–रामनगर सिमलिया डी0ए0वी0 स्कूल के पिछे, थाना–रातु, जिला–रॉंची जो घर से बिना बताए कहीं चले गये है जो आजतक अपने घर वापस नहीं आये है। जिसके संबंध में रातु थाना काण्ड संख्या–431/2020, दिनांक–22.12.2020, दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, मु0–2, रॉंची। –9431706142
थाना प्रभारी रातु रॉंची। –9431706175

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–
वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 350147 (Police)25-26*D


# आज भी होगी झमाझम बारिश, पूरे राज्य में 15 अप्रैल तक कहर बरपाएगा वज्रपात

संवाददाता



**रांची :** राज्य में लगातार हो रही बारिश से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। वहीं, आज भी राज्य में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के अधिकांश जिलों में बारिश की संभावना है। साथ ही तेज हवाओं के साथ वज्रपात की भी आशंका है।मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, दुमका, गोड्डा, गिरिडीह, सरायकेला खरसावां, जामताड़ा, देवघर में येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक 13, 14 और 15 अप्रैल को झारखंड में बारिश के साथ वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों को इस दौरान सावधान रहने के लिए कहा गया है। बीते 24 घंटे में राज्य के अधिकांश स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई है, जबकि कुछ स्थानों पर आंधी और ओलावृष्टि भी देखी गई। चंद्रपुरा बोकारो में सबसे अधिक 56.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वहीं, डाल्टेनगंज में अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस और लातेहार में न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहा।

वहीं हजारीबाग में दोपहर अचानक आए आंधी-तूफान, ओलावृष्टि और मूसलाधार बारिश ने किसानों पर कहर बरपाया। इस बेमौसम बारिश ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है। इस अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदा से दारु प्रखंड के दर्जनों किसानों को करीब 1 करोड़ रुपये की फसलों का नुकसान हुआ है। तरबूज, खीरा, गेहूं, टमाटर, करैला, भिंडी, लहसुन और प्याज जैसी फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं, जिससे किसान बुरी तरह से आहत और संकट में हैं।

# हनुमान जयंती आज, भक्ति और उत्साह का होगा संगम

मेट्रो रेज

**रांची :** राजधानी रांची में आज शनिवार को श्री हनुमान जयंती मनायी जा रही है। शाम को भगवान श्रीराम की छठी भी मनायी जायेगी। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों, अखाड़ों और उनके आस-पास लगाये गये धार्मिक झंडों की पूजा कर उन्हें सम्मानपूर्वक उतारा जायेगा। श्री महावीर मंडल, रांची के नेतृत्व में शनिवार को दोपहर तीन बजे से पूजा-अर्चना की जायेगी। श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति, रांची के अध्यक्ष जय सिंह यादव ने बताया कि सिद्ध दक्षिणमुखी बजरंगबली मंदिर और सिद्धि विनायक गणेश मंदिर (रातू रोड) में हनुमान जयंती के अवसर पर महाभंडारा आयोजित किया गया है। शाम छह बजे भगवान को भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण शुरू किया जायेगा। शाम सात बजे स्थानीय कलाकार जीवंत झांकी पेश करेंगे. रात्रि जागरण का आयोजन होगा।



### हिनू चौक महावीर मंदिर में भगवान की छठी मनी

श्री महावीर मंडल, हिनू चौक ने शुक्रवार को श्रीराम जन्म उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर महावीर मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा। महिलाओं ने भजन–कीर्तन की। राम–हनुमान के भजनों की मधुर प्रस्तुतियां दी गयीं। शाम छह बजे मंदिर में विधिवत पूजा–अर्चना और आरती संपन्न हुई।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम– सोनी लकड़ा, उम्र –22 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–4 फीट 1/2 इंच, पहनावा– साधारण सुट पहनी हुई है एवं एक बैग तथा एक थैला साथ में है।

उपरोक्त लापता महिला सोनी लकड़ा, उम्र 22 वर्ष, पिता–जितलाल पाहन, पति–मनोज लकड़ा, सा0–बिसा सरई, थाना–अनगड़ा, जिला–रॉंची जो दिनांक–05.04.25 को समय शाम 7:00 बजे अपने 2 वर्ष की पुत्री के साथ बिना बताये कहीं चली गई है, जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में अनगड़ा थाना सनहा संख्या–08/2025, दिनांक–05.04.2025, दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, रॉंची। –9431770066
थाना प्रभारी अनगड़ा रॉंची। –9431706180

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–
वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 350152 (Police)25-26*D


# संत जेवियर्स कॉलेज में भू-जल की स्थिति पर हुआ मंथन

संवाददाता

**रांची :** संत जेवियर्स कॉलेज के भूगर्भशास्त्र विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को फादर प्रूस्ट सभागार में भारत में भूजल की संभावनाएं : चुनौतियां व नियमन विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशेषज्ञों ने कहा कि भूजल की गुणवत्ता और दोहन की चुनौतियों से निपटना जरूरी है। मौके पर केंद्रीय भूजल प्राधिकरण के सदस्य सचिव ठाकुर ब्रह्मानंद सिंह ने भारत के विभिन्न राज्यों में भूजल संसाधनों के वर्तमान प्रदृश्य में विशेष कर झारखंड के संदर्भ में प्रकाश डाला। इसमें भूजल की गुणवत्ता, इसके दोहन के साथ-साथ भारत में भूजल प्रबंधन की चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न स्तरों पर किये जा सकने वाले संभावित उपायों पर चर्चा की गयी।

इस अवसर पर केंद्रीय भूजल प्राधिकरण के वैज्ञानिक अतुल बेक ने भी भूजल संबंधित विषय की चुनौतियों से निपटने पर ध्यान आकृष्ट कराया। इससे पूर्व कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने आगंतुकों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों के बीच सर्टिफिकेट वितरण किया गया। कार्यक्रम में उप प्राचार्य डॉ फादर अजय अरुण मिंज, विभागाध्यक्ष डॉ जयंत सिन्हा, माबेल टोप्पो, विनोद तिर्की, डॉ सोमेश सेनगुप्ता, डॉ मेल्विन एक्का व अन्य उपस्थित थे।

# विनय चौबे पर मुकदमे की अनुमति के लिए सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता से मंतव्य लेगा एसीबी

संवाददाता

**रांची :** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में झारखंड के तत्कालीन उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव विनय चौबे पर मुकदमा चलाने की अनुमति के लिए एसीबी सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता से मंतव्य लेगा। इस मामले में परामर्श देने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सीनियर अधिवक्ता एस नागमुथू को नामित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में शराब घोटाले को लेकर आर्थिक अपराध इकाई/ एसीबी में मामला दर्ज है। इस केस में झारखंड के तत्कालीन उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव विनय चौबे पर मुकदमा चलाने की अनुमति देने के लिए संबंधित जांच एजेंसी द्वारा झारखंड राज्य कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग को पत्र लिखा था। झारखंड एसीबी भी शराब घोटाला से संबंधिमत मामला दर्ज कर इसकी जांच कर रही है। इसलिए मुकदमा चलाने से संबंधित अनुमति के लिए कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग द्वारा एसीबी के अधिकारियों को पत्र लिखा गया था। छत्तीसगढ़ एसीबी ने रांची के ही कारोबारी विकास कुमार के बयान पर केस दर्ज किया था। छत्तीसगढ़ एसीबी ने कांड संख्या 36/2024 में 25 मार्च को पत्र लिखकर राज्य सरकार के कार्मिक विभाग से अभियोजन स्वीकृति मांगी थी। क्यों एसीबी मांग रही विधिक मंतव्य छत्तीसगढ़ एसीबी के द्वारा केस दर्ज किए जाने के बाद इस मामले में तत्कालीन सचिव विनय कुमार चौबे, सहायक आयुक्त गजेंद्र सिंह का बयान भी दर्ज किया गया था। छत्तीसगढ़ एसीबी की जांच में यह बात सामने आयी थी कि एक ही सिंडिकेट ने दोनों राज्यों में शराब के ठेके लिए। झारखंड में प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए छत्तीसगढ़ के ही अरुणपति त्रिपाठी को सलाहकार नियुक्त किया गया था। जिसके बाद वहां की कई कंपनियों को झारखंड में भी ठेका मिला, जिससे झारखंड सरकार को भी राजस्व का नुकसान हुआ। छत्तीसगढ़ सरकार व ईडी द्वारा इस मामले की जांच की जा रही थी।


JAP-IT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology

**(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt. of Jharkhand)**
**Ground Floor, Engineer's Hostel – I,**
**Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand**
**Phone. 0651-2401044/2401067, E-mail- japit_doit@rediffmail.com**

**NOTICE for Cancellation of Tender TENDER**
**e-Tender Ref No.: JAP-IT/ECOURTS/01/2025**

This is to inform that Tender Referenace no. JAP-IT/ECOURTS/01/2025 for procurement of items/equipment's under Phase-III of eCourts Project for Hon'ble High Court, Ranchi, Jharkhand has been cancelled.
Ref PR No. 347137

Sd/-
Officer on Special Duty,JAP-IT, Ranchi

PR 350189 Information Technology(25-26).D


# खजूर रविवार कल, लोयला मैदान में जुटेंगे कैथोलिक विश्वासी



संवाददाता

**रांची :** खजूर रविवार की आराधना 13 अप्रैल को होगी। इस दिन खजूर की डालियों के साथ विश्वासी गिरजाघरों में होनेवाली आराधना में शामिल होंगे। रांची महाधर्मप्रांत (संत मरिया महागिरजाघर) से जुड़े कैथोलिक विश्वासी 13 अप्रैल को सुबह 6:30 बजे से लोयला मैदान में एकत्र होंगे। जहां से वे खजूर की डालियों के साथ संत मरिया महागिरजाघर तक शोभायात्रा में शामिल होंगे। संत मरिया महागिरजाघर में खजूर रविवार की आराधना होगी। इसके मुख्य अनुष्ठाता आर्चबिशप विसेंट आईंद होंगे। वहीं, संत पॉल्स कैथेड्रल में सुबह छह बजे पवित्र प्रभुभोज आराधना होगी। मुख्य अनुष्ठक बिशप बीबी बास्के होंगे। जीइएल चर्च के विश्वासियों के लिए सुबह 6:30 बजे पहली आराधना होगी। मेन रोड स्थित क्राइस्ट चर्च में होनेवाली इस आराधना में बिशप सीमांत तिर्की उपदेशक होंगे।

**होली एंजिल्स चर्च कोकर**

होली एंजिल्स चर्च में खजूर रविवार की पहली आराधना सुबह पांच बजे होगी। होली ट्रिनिटी चर्च कडरू में खजूर रविवार की पहली आराधना सुबह 6:30 बजे में होगी। खजूर रविवार के साथ ही विश्वासी पवित्र सप्ताह में प्रवेश करेंगे, जिसकी समाप्ति ईस्टर या पुनरुत्थान पर्व के साथ होगी।

**इसलिए मनाते हैं खजूर पर्व**

होली एंजिल्स चर्च कोकर के फादर आनंद सुरीन ने बताया कि ईश्वर का वादा पूरा करने के लिए यीशु मसीह यरूशलेम में प्रवेश करेंगे। यरूशलेम के निवासी उनका स्वागत एक राजा की तरह करते हैं। बाइबल के अनुसार, तब लोगों ने यीशु का स्वागत खजूर की डाली और कपड़े बिछाकर एक राजा की तरह किया। उसी घटना की स्मृति में खजूर पर्व मनाया जाता है।

**आर्चबिशप ने मांडर चर्च के गेट का किया उदघाटन:** इधर मांडर स्थित संत अलोइस कैथोलिक चर्च के नवनिर्मित गेट का उदघाटन शुक्रवार को आर्चबिशप विसेंट आईंद ने किया। उदघाटन की धर्मविधि के बाद आर्चबिशप ने विश्वासियों को संबोधित किया। उन्होंने प्रभु यीशु को स्वर्ग का द्वार बताया। कहा कि प्रभु ही हमारा द्वार है। जिस प्रकार फिलिस्तीन में चरवाहे भेड़ों की सुरक्षा के लिए स्वयं लेटकर द्वार बन जाते थे, वैसे ही प्रभु यीशु भी हमारे लिए स्वर्ग पहुंचने का माध्यम, द्वार और रक्षक है। इसलिए जब-जब हम इस द्वार से प्रवेश करें, तो प्रभु के वचन का स्मरण करें। इसके बाद आर्चबिशप ने आशीष की प्रार्थना की और पवित्र जल का छिड़काव किया। धर्मविधि पूरा होने के बाद आर्चबिशप ने फीता काटा और द्वार खोलकर अंदर प्रवेश किया। इस अवसर पर स्मारक का भी अनावरण किया गया।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप. मुख्य बिजली इन्जीनियर (निर्माण) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के अधीन निम्नलिखित कार्यों के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई– निविदा आमंत्रित की जाती है: 1. **कार्य का नाम:** Tender No. ELCJP/PUHT-KATYASNI/NLT25/24-25 नई लाइन कार्य के संबंध में अजमेर मंडल, एनडब्ल्यूआर के पुष्कर–कात्यासनी (मेड़ता) खंड (51.346 आरकेएम) में 2x25 केवी ओएचई प्रणाली के रेलवे विद्युतीकरण कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग I; 2. **कार्य की अनुमानित लागत:** रू. 327334169.00; 3. **बयाना राशि जो जमा करनी है:** रू. 1786700.00; 4. **कार्य पूर्ण होने की तिथि:** 15 Months; 5. **निविदा प्रपत्र जमा कराने व खुलने की तारीख व समय:** 05.05.2025 Upto 15:00 Hrs. 05.05.2025 at 15:30 Hrs. 6. **उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वैबसाइट का पता:** www.ireps.gov.in 417-AN/25

हमें /NWRailways पर फॉलो करें



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, रॉंची**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 29.04.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 30.04.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 30.04.2025 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रांची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रांची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू.) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू.) | अग्रधन की राशि (रू.) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Re-Construction of collapsed boundary wall at Jharkhand Resham Vikash Sansthan, Hehal, Jharkhand | 962100.00 | 1250.00 | 19500.00 | 1 Month |
| 2 | Renovation of Existing Hostel at Jharkhand Resham Vikash Sansthan, Hehal, Jharkhand | 3644900.00 | 5000.00 | 73000.00 | 3 Months |
| 3 | Renovation of Existing Administration Block at Jharkhand Resham Vikash Sansthan, Hehal, Jharkhand | 4993600.00 | 5000.00 | 100000.00 | 3 Months |
| 4 | Renovation of School of Nursing 1st Floor (G.N.M.) attached to RIMS, Ranchi | 2850700.00 | 5000.00 | 57500.00 | 3 Months |
| 5 | Renovation of Outer Surface in G.N.M.) Nursing of School attached to RIMS, Ranchi | 2766500.00 | 5000.00 | 55500.00 | 3 Months |
| 6 | Renovation of School of Nursing Ground Floor (G.N.M.) attached to RIMS, Ranchi | 3338100.00 | 5000.00 | 67000.00 | 3 Months |
| 7 | Renovation of Auditorium in (GNM) School of Nursing attached to RIMS, Ranchi | 4629700.00 | 5000.00 | 93000.00 | 3 Months |
| 8 | Repair of "AN" Type Qtr. No.-251 (F. Fl.) in Sector-3 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 300000.00 | 750.00 | 6000.00 | 1 Month |
| 9 | Construction of Boundary Wall of Vacant Space from Qtr. No.-1 to 8, Behind Bariatu Thana, Located in Doctor's Colony, RIMS, Bariatu, Ranchi | 4977100.00 | 5000.00 | 100000.00 | 4 Months |

नोट :निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, रॉंची

PR 350184 (Building) 25-26 (D)

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।**

## तहव्वुर राणा का पत्यर्पण भारत के लिए बड़ी कानूनी और कूटनीतिक जीत

मुंबई के 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के लिए बड़ी कानूनी और कूटनीतिक जीत है। अब देश के दुश्मन को न्याय के कठघरे में खड़ा किया जा सकेगा और उन लोगों को इंसाफ मिलेगा, जिन्होंने इस आतंकी हमले में अपनों को खोया है। मुंबई पर आतंकी हमला साल 2008 में हुआ था। 16 साल से ज्यादा वक्त बीत गया, लेकिन उसका दर्द अब भी है। वजह कि सारे दोषियों को आज तक भी उनके किए की सजा नहीं मिल सकी है। कई दोषी सीमा पार शरण लिए हुए हैं। इस लिहाज से राणा का प्रत्यर्पण बहुत बड़ी सफलता है। इसके पीछे भारत सरकार और उसके उन अफसरों की कड़ी मेहनत है, जो 2019 से ही राणा को भारत लाने के प्रयास में जुटे थे। तमाम सबूत होने के बाद भी पाकिस्तान इस हमले के पीछे अपनी कोई भूमिका होने से इनकार करता रहा है। हालांकि वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे आतंकवादी सरगनाओं को बचाता भी रहा है। राणा के माध्यम से एजेंसीज पूरा सच जान सकती हैं। इससे पाकिस्तान पर प्रेशर बनाया जा सकेगा कि वह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का दिखावा न करे, बल्कि हकीकत में कदम उठाए। चूंकि मुंबई अटैक में 6 अमेरिकी नागरिकों की भी जान गई थी, इसलिए इस्लामाबाद पर वॉशिंगटन का भी दबाव होगा। राणा ने भारत आने से बचने के लिए अमेरिकी अदालतों में तमाम दलीलें दीं। यहां तक कहा कि एक अपराध के लिए दो बार सजा नहीं दी जा सकती, लेकिन भारत ने बखूबी उसका काउंटर किया। इससे संदेश गया है कि मानवता के गुनहगार कानून को ढाल बनाकर लंबे समय तक बच नहीं सकते। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने इस साल फरवरी में ही कह दिया था कि मुंबई आतंकी हमले के लिए राणा को भारत में न्याय का सामना करना पड़ेगा। तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण एक बड़ी जीत है, पर पूरी नहीं। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का एक बड़ा काम यहां से शुरू होता है। मुंबई पर आतंकी हमले की पूरी प्लानिंग और फंडिंग के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी क्रक व उसकी जमीन पर सक्रिय आतंकवादी संगठनों का हाथ था, इसमें कोई शक नहीं रह गया है। फिर भी कुछ कड़िया बाकी हैं। राणा के जरिये भारतीय सुरक्षा एजेंसियां उन कड़ियों को जोड़ सकती हैं। इससे कई राज खुलने और जांच को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

## शुभ संकेत

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के वैश्विक आर्थिक युद्ध के बीच बुधवार को भारतीय इकॉनमी के लिए कुछ अच्छी खबरें आईं। पहली खबर यह कि रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में 0.25% की कटौती की। इसके साथ ही उसने अपना ध्यान ग्रोथ तेज करने पर लगाया है। रिजर्व बैंक ने पॉलिसी स्टैंड को ह्यन्यूट्रलह्न की जगह ह्यअकोमोडिटिवह्न कर दिया है। इससे आने वाले वक्त में भी ब्याज दरों में कमी किए जाने की संभावना बनी है। जानकारों का मानना है कि ब्याज दरों में इस साल और आधा फीसदी की कटौती की जा सकती है। दूसरी अच्छी खबर प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट ने दी। उसने कहा कि इस साल भी मॉनसून सीजन में बारिश सामान्य से अधिक रहेगी। पिछले साल भी मॉनसूनी बारिश सामान्य से अच्छी हुई थी। मॉनसून के सामान्य रहने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को फायदा होगा। साथ ही, इससे रूरल डिमांड भी बढ़ेगी। इससे पहले ऐसी खबरें आई हैं कि अर्बन डिमांड (शहरी इलाकों में खपत) में भी सुधार हो रहा है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर है। हालांकि, इस वित्त वर्ष में आर्थिक विकास दर के अनुमान को रिजर्व बैंक ने 6.7% से कम करके 6.5% किया है। पिछली कुछ तिमाहियों में आर्थिक विकास में सुस्ती दिखी थी। उसकी वजह यह थी कि पिछले साल लोकसभा चुनाव हुए और कुछ महीनों तक चुनावी आचार संहिता लागू होने के कारण सरकारी खर्च अपेक्षित नहीं रहा। इधर, सरकार ने खर्च बढ़ाया है, जिसका सकारात्मक असर आने वाले वक्त में दिखेगा। भारतीय इकॉनमी के लिए एक और अच्छी खबर कच्चे तेल के दाम में आई कमी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 60 डॉलर प्रति बैरल के करीब चल रहा है, जिससे महंगाई दर को काबू करने में मदद मिलेगी। असल में, भारत अपनी जरूरत का दो तिहाई से भी अधिक कच्चा तेल आयात करता है। इसलिए इसमें कमी आने से विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी, जिससे करंसी को सहारा मिलेगा। वहीं, रिजर्व बैंक ने भी कहा कि इस वित्त वर्ष में महंगाई दर 4% रह सकती है, जो उसके लक्ष्य के मुताबिक है। महंगाई दर कम रहने से आने वाले वक्त में रिजर्व बैंक के लिए ब्याज दरों में और कटौती करना आसान होगा। उम्मीद है कि दरों में कमी आने पर लोग हाथ खोलकर खर्च करेंगे। ऐसे में अगर डिमांड में रिकवरी होती है तो कंपनियां भी निवेश की पहल करेंगी। बजट में भी केंद्र सरकार ने न्यू टैक्स रेजीम में 12 लाख की आय पर इनकम टैक्स शून्य कर दिया है। इससे भी डिमांड को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, नए वेतन आयोग की सिफारिशों के लागू होने से भी खपत में बढ़ोतरी की आशा है। इसलिए ऐसे समय में जब ट्रंप के आर्थिक युद्ध ने अनिश्चितता बढ़ा दी है, इन खबरों से लगता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन अच्छा बना रहेगा।

# महावीर श्री हनुमानः आस्था, बल और बुद्धि के संगम

**विभिन्न अनुष्ठानों की सहायता से सबके लिए उपलब्ध रहते हैं। उनके साथ कथाएँ और किंवदंतियाँ भी जुड़ती रहती हैं क्योंकि उनसे लोगों को जीवन जीने के लिए जरूरी समर्थन, प्रेरणा और शक्ति मिलती है। राम–भक्ति के सिरमौर पवनसुत श्री हनुमान शारीरिक बल और उत्तम कोटि की मेधा या बुद्धि में श्रेष्ठ ऐसे ही विरल भारतीय व्यक्तित्व की सर्जना हैं। हनुमान जी कई अर्थों में विलक्षण हैं।**

**गिरीश्वर मिश्र**

संस्कृति के लोक का कलेवर अत्यन्त विशाल, व्यापक और आमजन को सामर्थ्यवान बनाने वाला होता है। उसके अंतर्गत परिकल्पित परिवेश के पात्र अक्सर देश- काल की सीमाओं का अतिक्रमण करते हुए विचार, प्रतिमा, प्रथाओं और विभिन्न अनुष्ठानों की सहायता से सबके लिए उपलब्ध रहते हैं। उनके साथ कथाएँ और किंवदंतियाँ भी जुड़ती रहती हैं क्योंकि उनसे लोगों को जीवन जीने के लिए जरूरी समर्थन, प्रेरणा और शक्ति मिलती है। राम-भक्ति के सिरमौर पवनसुत श्री हनुमान शारीरिक बल और उत्तम कोटि की मेधा या बुद्धि में श्रेष्ठ ऐसे ही विरल भारतीय व्यक्तित्व की सर्जना हैं। हनुमान जी कई अर्थों में विलक्षण हैं। वे कई तरह के परस्पर विरोध दिखाने वाली विशेषताएँ भी रखते हैं। मानवेतर होने पर भी गूढ़ राम-रसायन का तत्व उन्हीं के पास है। वे श्रीराम के निकट परिवार के सदस्य न होकर भी ह्लराम पंचायतनह्न के प्रमुख और स्थायी सदस्य हैं। मंदिरों और चित्रों में सर्वत्र श्रीराम का स्मरण श्री हनुमान के बिना पूरा नहीं होता है। भगवान श्रीराम अपने प्रिय भक्त हनुमान को भरत की ही तरह सगा छोटा भाई मानते हैं। भरतजी भक्त-शिरोमणि कहलाते हैं। उन्हीं की तरह महावीर श्री हनुमान भी निर्विवाद रूप से श्रीराम के परम भक्त हैं। गोस्वामी जी उनको कपीश्वर कहते और कवीश्वर वाल्मीकि के साथ याद करते हैं। ये दोनों सीताराम के गुणों के पुण्य जंगल में विचरण करते रहते हैं - सीतारामगुणग्रामपुण्यारण्यविहारिनौ कवीश्वरकपीश्वरौ। श्रीराम की कथा हनुमान जी को अत्यंत प्रिय है और यदि वे उसके रसिया हैं तो श्रीराम और सीताजी को भी हनुमान जी अत्यंत प्रिय हैं और उनके मन में बसे रहते हैं। श्री हनुमान की लौकिक उपस्थिति और अलौकिक कार्य-शैली सबको चकित करने वाली है। यही कारण है कि उनकी लोकप्रियता असाधारण रूप से बढ़ती रही है। बचपन से ही श्री हनुमान के स्मरण के साथ बल, तेज और निर्भीकता की भावनाएँ जुड़ जाती हैं। श्री हनुमान के कई मंदिरों की सिद्ध स्थानों के रूप में प्रसिद्धि है और बड़ी आस्था के साथ भक्त और दुखियारे सभी वहाँ पहुँचते हैं। रामकथा के ब्यौरे में जाएँ तो पता चलता है कि जब जटिल प्रसंग आते हैं, जब कठिन समस्या का कोई समाधान नहीं मिलता तो हनुमान का स्मरण किया जाता है। वे रामदूत और एक संवादी के रूप में जगत प्रसिद्ध हैं। जैसा कि हम सब जानते हैं, श्रीराम द्वारा लंका विजय की मानुष अवतार वाली रामकथा में कई जटिल अवसरों पर बजरंग बली के बिना उलझनों का समाधान ही नहीं मिलता और कथा आगे ही नहीं बढ़ती। हनुमान जी सभी सिद्धियों के आगार और गुणों में निष्णात तो हैं ही उनके पास सभी निधियाँ भी हैं। यह सब होने के बावजूद अतुलित बलशाली हनुमान जी बड़े सरल स्वभाव के हैं। सभी तरह की संपदा होने के बावजूद उन्हें अहंकार का लेश मात्र नहीं है। उनका अहं भाव विगलित हो चुका है और वे इस मायावी जाल से परे हैं। श्रीराम और उनके भक्तों के साथ उनका व्यापक तादात्मीकरण है। इस तरह के अद्वैत के साथ वह प्रभु श्रीराम के साथ निर्विकल्प रूप से जुड़े हुए हैं। रामकाज करना ही उनका प्रथम और अंतिम ध्येय है। विमल यश वाले हनुमानजी मित्रता, शौर्य, साहस, धैर्य, चातुर्य और बुद्धिमत्ता आदि गुणों में अतुलनीय मानक सदृश हैं। वे दुर्मति को हटा कर सुमति को प्रतिष्ठित कर भक्तों का क्लेश दूर करते हैं।

स्तुतः श्रीराम तक की यात्रा बिना हनुमानजी की सहायता के संभव नहीं है और उन जैसे निःस्पृह स्वभाव वाले को निश्छल प्रेम के सिवा कुछ भी नहीं चाहिए। इसलिए हनुमान जी सर्वजनसुलभ हैं। आज देश के कोने-कोने में गाँव और शहर सर्वत्र उनकी पूजा-अर्चना के लिए लोग तत्पर रहते हैं और अनेकानेक भव्य मंदिर उनको समर्पित हैं। लोग अपनी मनोकामना की साध लिए बड़े भरोसे के साथ हनुमानजी की शरण में आते हैं। हनुमानजी को रिझाने के लिए मंदिरों में मंगलवार को भीड़ टूट पड़ती है। पर हमें यह भी जरूर याद रखना चाहिए कि सच्ची भक्ति तो भक्त और भगवान के बीच किसी तरह का हिसाब-किताब नहीं करती। वह निर्मल मन से समर्पण और अखंड प्रीति चाहती है। हनुमानजी की भक्ति हमें अपने जीवन में अभय, परदुखकातरता, निष्कपट मित्रता, सदाचार और ईश्वर के प्रति समर्पण जैसे मूल्यों को उतारने के लिए प्रेरित करती है।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

# बांग्लादेश के लिए घातक साबित होगा भारत का कूटनीतिक प्रहार

**भारत के उत्तर–पूर्वी राज्य असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, नगालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम का सामूहिक रूप से बांग्लादेश के साथ 1,596 किमी. लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा, चीन के साथ 1,395 किमी, म्यांमार के साथ 1,640 और भूटान के साथ 455 किमी. तथा नेपाल के साथ 97 किमी सीमा है, लेकिन ये केवल 22 किमी की एक पट्टी के माध्यम से भारत के बाकी हिस्सों से जुड़े हैं,**

**हरीश शिवनानी**

एक पखवाड़ा पहले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने जब चीन जाकर राष्ट्रपति शी जिनपिंग को भारत के पूर्वोत्तर राज्यों से सटे लालमोनिरहाट में अपना एयरबेस बनाने का न्योता दिया था तो वे नहीं जानते थे कि वे कितना बड़ा दुःस्साहस कर रहे हैं। उन्होंने डीग हांकते हुए बांग्लादेश को भारत के इन सीमांत राज्यों का ह्यगार्जियनह्न (संरक्षक) तक घोषित कर दिया। 26-29 मार्च के बीच चीन यात्रा के दौरान यूनुस ने बीजिंग में डींग हांकी कि 'नॉर्थ ईस्ट यानी भारत के सात राज्य लैंडलॉक्ड हैं, उनके पास समुद्र तक पहुँचने का रास्ता नहीं है। बांग्लादेश इस पूरे क्षेत्र के लिए समुद्र का एकमात्र संरक्षक है। यह चीन की अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा अवसर हो सकता है।' इस दुःस्साहस भरे न्यौते से भारत का सतर्क होना स्वाभाविक था। ह्यसेवन सिस्टर्सह्न और ह्यचिकन नेकह्न के नाम से ख्यात भारत के ये सीमांत राज्य सामरिक दृष्टि से बेहद संवेदनशील हैं। बांग्लादेश का लालमोनिरहाट जिला भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर के बेहद करीब है, इस कारण भारत का चिंतित होना जायज है। भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, नगालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम का सामूहिक रूप से बांग्लादेश के साथ 1,596 किमी. लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा, चीन के साथ 1,395 किमी, म्यांमार के साथ 1,640 और भूटान के साथ 455 किमी. तथा नेपाल के साथ 97 किमी सीमा है, लेकिन ये केवल 22 किमी की एक पट्टी के माध्यम से भारत के बाकी हिस्सों से जुड़े हैं, जिसे 'चिकन नेक' कॉरिडोर कहा जाता है। यह बेहद संकरा मार्ग है। इसके दक्षिण में बांग्लादेश और उत्तर में नेपाल, भूटान और चीन हैं। यह करीब 60 किमी. लंबा और 21 किमी. चौड़ा है। चिकन नेक कॉरिडोर ही पूर्वोतर राज्यों को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ता है। काफी संकरा होने के कारण चीन, बांग्लादेश और पाकिस्तान की नजरें हमेशा से इस पर रही हैं। अगर बांग्लादेश के जरिए चीन यहाँ अपनी आर्थिक या सामरिक पकड़ बनाता है तो यह भारत के लिए सुरक्षा खतरा बन सकता है।

कुछ दिनों की खामोशी के बाद भारत ने मंगलवार आधी रात अचानक बांग्लादेश के लिए ह्यट्रांसशिपमेंटह्न यानी भारत के बंदरगाहों और हवाई अड्डों से कारोबार करने की सुविधा बंद कर उसकी आर्थिक रीढ़ पर जोरदार चोट की है। अंतरराष्ट्रीय जगत में इसे बांग्लादेश पर भारत का बड़ा कूटनीतिक आर्थिक प्रहार माना जा रहा है। भारत ने बांग्लादेश को यह सुविधा तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ हुए ह्यट्रांसशिपमेंट एग्रीमेंटह्न के तहत एक सर्कुलर से 29 जून 2020 को दी थी। यह सर्कुलर बांग्लादेश से तीसरे देशों को निर्यात कार्गो के ट्रांसशिपमेंट की अनुमति देता था, जो भारतीय बंदरगाहों और हवाई अड्डों के रास्ते भारतीय भूमि का उपयोग करता था, ताकि भूटान, नेपाल और म्यांमार जैसे देशों को बांग्लादेश का व्यापार हो सके। 8 अप्रैल को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) पुराने सर्कुलर को रद्द कर दिया। थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के प्रमुख अजय श्रीवास्तव का कहना है कि नए सर्कुलर के साथ, ट्रांसशिपमेंट व्यवस्था तुरंत प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, 'बांग्लादेश को ट्रांसशिपमेंट सुविधा से भारत के बंदरगाहों व हवाई अड्?डों पर असुविधा होने के साथ भारतीय निर्यात की लागत बढ़ रही थी और समय पर उत्पाद निर्यात करने में देरी होने लगी थी। ऐसे में 8 अप्रैल 2025 से यह सुविधा समाप्त की जा रही है। दरअसल, पिछले वर्ष अगस्त में बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिराने के बाद से वहां भारत विरोधी गतिविधियां काफी बढ़ गई। हाल ही चीन यात्रा के दौरान युनूस का बयान भारत में चर्चा का विषय बना हुआ था। अब भारत की ओर से जो निर्णय लिया गया है, जिसे कूटनीतिक भाषा में ह्यकाउंटर मूवह्न कहा जाता है। यूनुस की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था संकट में है और वह चीन से निवेश की उम्मीद कर रहा है। चीन ने पहले ही मोंगला पोर्ट के लिए 400 मिलियन डॉलर और चटगांव में आर्थिक जोन के लिए 350 मिलियन डॉलर का वादा कर रखा है। भारत ने बांग्लादेश के एक्सपोर्ट कार्गो के लिए ट्रांसशिपमेंट सुविधा समाप्त कर देने से बांग्लादेश, भारत होकर भूटान, नेपाल और म्यांमार को निर्यात नहीं कर पाएगा। भारत का यह कदम बांग्लादेश को साफ संदेश देता है कि वह अपनी सामरिक स्थिति का दुरुपयोग करके भारत के हितों को चुनौती नहीं दे सकता। भारत के इस निर्णय से पहले ही आर्थिक रूप से बदहाल बांग्लादेश का व्यापार खासा प्रभावित होगा। म्यांमार, नेपाल और भूटान को अपना सामान भेजने के लिए अब उसे महंगा और लंबा रास्ता तय करना पड़ेगा। भूटान, नेपाल और म्यांमार तीसरे देशों के साथ व्यापार के लिए भारतीय रास्तों पर निर्भर हैं। पहले भारत से होकर जाने वाला रास्ता आसान था। इससे समय और पैसे की बचत होती थी। अब बांग्लादेश के व्यापारियों को ज्यादा समय लगेगा, ज्यादा खर्चा आएगा और अनिश्चितता बढ़ेगी।

यह सुविधा बंद करने से भारत के लिए सामरिक चुनौती पैदा करने वाले दो पड़ोसी देशों पाकिस्तान और चीन के साथ रक्षा व कारोबारी संबंध बढ़ाने में जुटे बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को भारत ने बड़ा सबक दिया है। भारत का यह फैसला पहले से घटते निर्यात और अमेरिकी सरकार की तरफ से बांग्लादेश पर 37 फीसदी पारस्परिक शुल्क की घोषणा से बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था और बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। बांग्लादेश म्यांमार को मुख्य रूप से वस्त्र, दवाइयाँ, और खाद्य उत्पाद जैसे आलू और मछली निर्यात करता है, वहीं म्यांमार से बांग्लादेश मुख्य रूप से लकड़ी, समुद्री उत्पाद और कुछ कृषि उत्पाद आयात करता है। इसी तरह बांग्लादेश और नेपाल दोनों देश दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) के सदस्य हैं, जो सदस्य देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देता है। बांग्लादेश नेपाल को मुख्य रूप से तैयार वस्त्र, जूट उत्पाद, चाय पैकेजिंग सामग्री, और कुछ औद्योगिक सामान निर्यात करता है बदले में बांग्लादेश यार्न (धागा), दाल, हर्बल उत्पाद, और हस्तशिल्प आयात करता है। 2023 में बंगलाबंध भूमि बंदरगाह खुलने से नेपाल से यार्न का आयात बढ़ा है। बांग्लादेश और भूटान के बीच व्यापार बहुत सीमित है, क्योंकि दोनों देशों के बीच कोई सीधा भौगोलिक संपर्क नहीं है और भूटान की अर्थव्यवस्था बहुत छोटी है। बांग्लादेश भूटान को कपड़ा, जूते और कुछ निर्माण सामग्री निर्यात करता है। भूटान से बांग्लादेश मुख्य रूप से पत्थर, चूना पत्थर और कुछ हाइड्रोपावर-संबंधी उत्पाद आयात करता है। अर्थ-विशेषज्ञों के अनुसार भारत के इस निर्णय से वस्त्र, जूते, रत्न एवं आभूषण जैसे कई भारतीय निर्यात क्षेत्रों को नए अवासर मिलेंगे। परिधान क्षेत्र में बांग्लादेश भारत का बड़ा प्रतिस्पर्धी है। कहा जा सकता है कि अस्थिरता और संकट के इस दौर में बांग्लादेश ने भारत को कमतर आंक कर जिस दुःस्साहस का परिचय दिया है, उसे भारतीय ज्ञान-परंपरा में ह्यविनाश काले विपरीत बुद्धिह्न कहा गया है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# हनुमान जन्मोत्सव पर करें हनुमान जी की पूजा

हिंदू धर्म में हनुमान जी की पूजा का विशेष महत्व माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि हनुमान जी की रोजाना पूजा करने से व्यक्ति को बड़े से बड़े दुख और कष्ट से मुक्ति मिल जाती है। हनुमान जी को अष्ट सिद्धियों और नौ निधियों का वरदान प्राप्त है। जिसके प्रभाव से बजरंगबली अपने भक्तों के कष्टों को समाप्त कर उनके जीवन में खुशियां भरते हैं। इसलिए शास्त्रों में भी हनुमान जी को शक्ति, ऊर्जा, ज्ञान, भक्ति और बल का प्रतीक माना गया है।

हनुमान जी भगवान श्रीराम के परम भक्त हैं। इसलिए हनुमान जी की पूजा करने से जातक को श्रीराम का भी आशीर्वाद प्राप्त होता है। वहीं हर साल चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि आज भी हनुमान जी सशरीर हमारे आसपास मौजूद हैं। इस बार 12 अप्रैल 2025 को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व मनाया जा रहा है। तो आइए जानते हैं हनुमान जन्मोत्सव का मुहूर्त, पूजन विधि और शुभ योग के बारे में...



### तिथि और मुहूर्त

चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 12 अप्रैल की सुबह 03:20 मिनट पर शुरू हो रही है। वही अगले दिन यानी की 13 अप्रैल को सुबह 05:52 मिनट पर इस तिथि की समाप्ति होगी। ऐसे में उदयातिथि के हिसाब से 12 अप्रैल 2025 को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व मनाया जा रहा है। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर पूजा के लिए दो शुभ मुहूर्त हैं। पहला मुहूर्त 12 अप्रैल सुबह 07:35 मिनट से सुबह 09:11 मिनट तक है। वहीं दूसरा शुभ मुहूर्त शाम 06:45 मिनट से लेकर रात 08:08 मिनट तक रहेगा।

### शुभ योग

बता दें कि हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर हस्त नक्षत्र का निर्माण हो रहा है। जोकि शाम को 06:07 मिनट तक रहेगा। वहीं व्याघात योग रात 08:39 मिनट तक रहेगा।

### पूजन विधि

इस दिन सुबह जल्दी स्नान आदि कर स्वच्छ कपड़े पहनें। फिर पूजा स्थान पर एक चौकी रखें और उस पर लाल रंग का कपड़ा बिछाएं। अब चौकी पर हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित करें और उन्हें सिंदूर, फूल माला, फल, अक्षत और फूल आदि चढ़ाएं। इसके बाद देसी घी का दीपक जलाएं और हनुमान जी के मंत्रों का जाप करें। इसके बाद हनुमान जी को बूंदी या फिर बेसन के लड्डू का भोग लगाएं और हनुमान चालीसा का पाठ करें।

## सेहत

### गर्मियों में खानपान पर दें ध्यान

भीषण गर्मी का सितम चालू हो चुका है। अप्रैल के महीने तापमान बढ़ गया है। इस मौसम में सबसे ज्यादा डिहाइड्रेशन की शिकायत रहती है। पाचन पर भी बुरा असर रहता है। गर्मियों में उल्टा-सीधा खाने से पेट की समस्या होने लगती है। इसलिए गर्मियों में सही आहार का सेवन करना जरुरी है। आइए आपको इस लेख में बताते हैं गर्मियों के दौरान किन चीजों का सेवन करें या नहीं करें। सबसे जरुरी बात है कि गर्मियों में हाइड्रेटेड रहना है। इसलिए पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें। पानी से पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। पेट को भी ठंडक मिलती है। हाइड्रेशन बनाए रखने के लिए नारियल पानी, ताजे फल के रस, मौसमी के जूस जैसे हाइड्रेटिंग ड्रिंक पिएं। गर्मी में आप हाइड्रेटेड फलों और सब्जियों का सेवन करें। ऐसे में आप तरबूज, पपीता, खीरा, ककड़ी, तोरी, लौकी वगैरह का सेवन करें। इसमें फाइबर की मात्रा सबसे अधिक होती है, जिससे आपका पाचन भी बेहतर रहेगा। - इसके अलावा आप दही और छाछ का सेवन जरुर करें। क्योंकि इनमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो शरीर को ठंडक पहुंचाते हैं। गर्मियों में जितना संभव हो आप तला-भुना और अधिक मसालेदार खाना नहीं खाना चाहिए। शराब और कैफीन का सेवन नहीं करना चाहिए, इससे आपका शरीर डिहाइड्रेट हो सकता है और कब्ज की शिकायत हो सकती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### ताला मरांडी ने बीजेपी छोड़कर जेएमएम का दामन थाम



**साहिबगंज :** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और बोरियो के पूर्व विधायक ताला मरांडी ने बीजेपी छोड़कर जेएमएम का दामन थाम लिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस संदर्भ में पूर्व विधायक ताला मरांडी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि यह निर्णय वर्तमान परिस्थितियों और व्यक्तिगत व वैचारिक मतभेदो के चलते मैंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से त्यागपत्र देने के बाद आज झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिए हैं हमारी पहली पथमिकता आए दिन आदि निवासियों पर अत्याचार बढ़ते जा रहा है। इस पर सघन चर्चा कर के लगाम लगाया जाएगा।

### देश की सामंती व्यवस्था एवं तानाशाह से मुक्ति दिलाने के लिए काम करना होगा : चतुरानन्द पांडेय



**साहिबगंज :** आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष चतुरानन्द पाण्डेय के नेतृत्व में स्थानीय सिद्धू कान्हू स्टेडियम में हुल विद्रोह के महानायक झारखंड माटी के लाल सामंती प्रथा को उखाड़ फेंकने वाले महानायक शाहिद सिद्धू कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आजसू पार्टी के कार्यकताओं ने झारखंड के लाल को याद किया।मौके पर पार्टी के जिला अध्यक्ष चतुरानन्द पाण्डेय एवं अन्य कार्यकर्ताओ ने यह संकल्प लिया की महान स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों द्वारा बताए गए रास्ते पर चलकर समाज एवं देश को सामंती व्यवस्था एवं तानाशाह से मुक्ति दिलाने के लिए हमेशा काम करना होगा,चतुरानन्द पाण्डेय ने कहा की समाज के सभी युवाओं को एक मंच पर आकर सकारात्मक दिशा में कार्य करने की जरूरत है।कार्यक्रम में पार्टी के जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडे,जिला उपाध्यक्ष मणिकांत मिश्रा,नगर अध्यक्ष गोविंद पासवान,मीडिया सेल के जिला प्रभारी ओंकारनाथ तिवारी,दिवाकर पासवान,विभा साह,विश्वनाथ कर्मकार,राजेश राय,शशिकांत दुबे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रमेश पाठक की पुण्यतिथि पर 14 को रक्तदान शिविर

**लातेहार:** 14 अप्रैल को शहर के ब्लड बैंक मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर वोलेंटियर ब्लड डोनर एसोसिएशन सचिव विकासकांत पाठक के पिता स्व रमेश पाठक की पुण्यतिथि पर आयोजित किया जायेगा। शुक्रवार को ब्लड बैंक, लातेहार में वोलेंटियर ब्लड डोनर एसोसिएशन की बैठक मे यह निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष अनुरोध कुमार बाग ने की। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को एसोसिएशन के शिविर को सफल बनाने की अपील जिलावासी एवं विभिन्न रक्तदाता संस्थाओं से की गयी। बैठक में जिले के प्रत्येक प्रखंड में एसोसिएशन की कमेटी का गठन करने एवं सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

बाग ने लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के लिए मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। सचिव विकासकांत पाठक ने बताया कि सुरक्षित व सुलभ रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना जरूरी है। इसके लिए झारखंड सरकार के द्वारा स्वेच्छिक रक्तदाताओं के लिए फिर से डोनर कार्ड की व्यवस्था की गयी है।

कहा कि इस कार्ड की अवधि छह माह की होगी। इन छह माह में कार्डधारी डोनर अंदर बिना किसी रिसप्लेसमेंट के एक यूनिट रक्त प्राप्त कर सकते हैं। पाठक ने 14 अप्रैल को रक्तदान के लिए आने वाले लोगों से एक पहचान पत्र और एक फोटो लाने की अपील की, ताकि उन्हें हाथों हाथ डोनर कार्ड दिया जा सके।

कार्यकारिणी सदस्य आशीष टैगोर ने रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए डोर टू डोर सर्वे करने का प्रस्ताव दिया। इस पर प्रखंड कमेटी का गठन होने के बाद डोर टू डोर सर्वे करने की बात कही गयी। बैठक में ब्लड बैंक, लातेहार के तकनीकि सहायक बिनय कुमार सिंह, जिला संयोजक श्याम किशोर अग्रवाल, रजनीकांत पाठक, मिलन गर्ग, केदार प्रसाद, जीवन समेंत कई एसोसिएशन के कई लोग मौजूद थे।

### मनरेगा में गड़बड़झाला, मृतक को भी हो रहा भुगतान

**पलामू :** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी में मरने के बाद भी मजदूरों का भुगतान किया जाता है। मामला मनातू प्रखंड के नौडीहा पंचायत का है, जहां रोजगार सेवक द्वारा मुर्दे को भी भुगतान किये जाने का मामला सामने आया है।

ये किसी का आरोप नहीं हैं, बल्कि मनरेगा की वेबसाइट पर आंकड़े दर्ज हैं। नौडीहा पंचायत के तिलो गांव निवासी सोहबतिया देवी पति कतरू उरांव की मृत्यु दो वर्ष पहले हो चुकी है। जिसका जॉब कार्ड नंबर 009/199 है।

कार्ड के अनुसार मृत महिला से रोजगार सेवक द्वारा नौडीहा पंचायत के विभिन्न गांवों में मनरेगा योजनाओं में मजदूर बनाकर लगातार मजदूरी कराया गया और 3808 रुपया भुगतान भी कर दिया। जो मनरेगा अधिनियम में नहीं है। बता दें की नौडीहा पंचायत में भ्रष्टाचार के कई किस्से सामने आते रहते हैं, लेकिन यह मामला काफी अलग है। मनरेगा मजदूर के रूप में उनलोगों के नाम भी दर्ज हैं, जिनकी मृत्यु बहुत पहले हो चुकी है। उनके नाम से पैसा भी निकाला गया है। इस पर मनरेगा लोकपाल शंकर कुमार ने कहा कि मामला बेहद गंभीर है। जांच कर दोषी लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

### विधायक ने पांकी के आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच बांटा स्मार्टफोन

**मेदिनीनगर/पांकी :** पलामू जिले के पांकी प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने आंगनबाड़ी सेवकाओं के बीच स्मार्टफोन वितरण किया। इस दौरान कुपोषण पखवारा की भी शुरूआत की गई। अभियान 22 अप्रैल तक सेविकाओं के माध्यम से कराया जाएगा। सभी सेविकाओं को एक बच्चा को गोद लेने का निर्देश दिया गया है। विधायक ने कहा कि अभी के इस दौर में सभी व्यक्ति के पास स्मार्ट फोन है, जो काम को आसान बना रहा है। स्मार्ट फोन के बिना एक कदम भी आगे बढ़ना आसान नहीं है। दैनिक दिनचर्या को गति प्रदान करने के लिए स्मार्ट फोन वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका के माध्यम से ही कुपोषण दूर किया जा सकता है। स्वस्थ्य शरीर ही बेहतर विचार की विकास होगी।

# वीर शहीदों के आश्रितों को चिन्हित कर पूरा मान सम्मान और अधिकार दे रही है : हेमंत सोरेन






### हमारे पूर्वजों ने आदिवासी मूलवासी के हक और अधिकारों के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है

### शिक्षा प्रणाली को और अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** बरहेट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सहिद स्थल पर झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू मुर्मू जयंती के शुभ अवसर पर पवित्र भूमि भोगनाडीह में आयोजित समारोह में शामिल हुए वीर शहीदों को किया नमन और श्रद्धांजलि दिया।मुख्यमंत्री ने आयोजित कार्यक्रम में साहिबगंज पाकुड़ व गोड्डा जिले को दी बड़ी सौगात विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन- शिलान्यास व लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण कर नियुक्ति पत्र को दिया गया। राज्य के आदिवासी, दलित और पिछड़ों को आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक रूप से मजबूती प्रदान करना सरकार पूरी तरह मजदूर, किसान और असहाय को सशक्त बनाने हेतु सरकार प्रतिबद्ध है। जबकि हमारे पूर्वजों ने आदिवासी- मूलवासी के हक और अधिकारों के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है। वीर शहीदों ने अपने प्राण त्याग कर जल- जंगल- जमीन को बचाने का कार्य किया है। आज हमारी सरकार वीर शहीदों के आश्रितों को चिन्हित कर पूरा मान- सम्मान और अधिकार दे रही है। राज्य के आदिवासी, दलित और पिछड़ों को आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक रूप से मजबूती प्रदान की जा रही है। परन्तु आज भी हमारे सामने कई चुनौतियां हैं। जहां आदिवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग दशकों से हाशिये पर रहे हैं। आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, बौद्धिक और राजनीतिक रूप से कमजोर होने की वजह से इन्हें हमेशा नजरअंदाज किया जाता रहा है। लेकिन हमारी सरकार इन्हें प्रत्येक दिशा से मजबूती प्रदान करने हेतु प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू मुर्मू जयंती के शुभ अवसर पर पवित्र भूमि भोगनाडीह में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह सरकार 'अबुआ' सरकार है। वर्ष 2019 में सरकार गठन के बाद हमारी सरकार राज्य के गरीब, मजदूर, किसान और पिछड़ों को सशक्त बनाने का निरंतर कार्य कर रही है। राज्य के इतिहास में यह पहली बार हुआ है।जहां राज्य के सरकारी कर्मचारी आपके पंचायत- पंचायत जाकर आपकी समस्याओं के समाधान हेतु आपके द्वार तक पहुंचा है। पूर्व के दिनों में बूढ़े - बुजुर्ग को पेंशन या राशन कार्ड बनवाने हेतु अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था। आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। परंतु आज राज्य के बूढ़े - बुजुर्ग और विधवाओं को अंचल कार्यालय का चक्कर लगाए बिना ससमय पेंशन मिल रहा है।शैक्षणिक क्षेत्र में राज्य के गरीब बच्चे उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षा हासिल कर रहे है। किसान मजदूर एवं गरीब तबके के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में राज्य के 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न पर चलाया जा रहा है। उत्कृष्ट विद्यालय में एडमिशन हेतु आज लंबी लाइन लगानी पड़ती है। प्रवेश परीक्षा में हजारों की संख्या में बच्चे शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा हमारी सरकार आज मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ओवरसीज स्कॉलरशिप 2025 के माध्यम से प्रति वर्ष कुल 25 छात्रों को आगे की शिक्षा प्राप्त करने हेतु छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है। शिक्षा प्रणाली को और अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 43785.760 लाख रुपए की कुल 507 योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया। इसमें 21399.318 लाख रुपए की 361 योजनाओं का उद्घाटन और 22386.442 लाख रुपए की 147 योजनाओं की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने कुल 314279 लाभुकों के बीच 13092.426 लाख रुपए की परिसंपत्तियां एवं लाभुकों को नियुक्ति पत्र प्रदान की। इस अवसर पर सांसद विजय कुमार हांसदा, विधायक हेमलाल मुर्मू , विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन, विधायक धनंजय सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती मोनिका किस्कू, आयुक्त संथाल परगना प्रमंडल लालचंद डाडेल, पुलिस महानिरिक्षक क्रांति कुमार गाडिदेशी और साहिबगंज, पाकुड़ व गोड्डा जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## पश्चिम बंगाल में हुई घटना के बाद अलर्ट मोड पर पाकुड़ पुलिस, चप्पे-चप्पे पर नजर



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**पाकुड़:** वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ पश्चिम बंगाल में लगातार हो रहे विरोध प्रदर्शन एवं हिंसा को लेकर पाकुड़ जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर है। पश्चिम बंगाल से पाकुड़ की सीमा पर न केवल चौकसी बढ़ा दी गयी है बल्कि पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों की तैनाती भी की गयी है।

**पाकुड़ की सीमा क्षेत्रों में बढ़ी पुलिस गश्ती**

शुक्रवार की देर रात तक डीसी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार पश्चिम बंगाल से सटे पाकुड़ के सीमावर्ती इलाकों का भ्रमण किया। पश्चिम बंगाल के बीरभूम और मुर्शिदाबाद से सटे पाकुड़ की सीमा क्षेत्रों में पुलिस गश्ती बढ़ा दी गई है। साथ ही आने-जाने वाले लोगों पर कड़ी नजर भी रखी जा रही है।

मुर्शिदाबाद एवं बीरभूम जिला से सटे पाकुड़ का बॉर्डर इलाका चांदपुर, गोपीनाथपुर, गगनपहाड़ी, मनिकापाड़ा के अलावा महेशपुर एवं पाकुड़िया प्रखंड में भी पुलिस प्रशासन एवं सिविल प्रशासन के अधिकारी तैनात हैं। इन इलाकों में गश्ती के साथ लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

**वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ बंगाल में जोरदार प्रदर्शन**

बता दें कि वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में सड़क जामकर विरोध प्रदर्शन किया गया। सड़क जाम हटाने पहुंची पुलिस पर भीड़ में शामिल प्रदर्शनकरियों ने पथराव एवं मारपीट की। इस दौरान जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज भी की। इतना ही नहीं कुछ प्रदर्शनकारियों ने मुर्शिदाबाद जिला के समशेरगंज थाना क्षेत्र में कई मकानों एवं दुकानों को टारगेट बनाया। आवागमन के लोगों के साथ मारपीट और आगजनी भी की। बीते देर शाम कुछ प्रदर्शनकारियों की शक्ल में कुछ लोग सीमा से सटे पश्चिम बंगाल के इलाकों में कुछ दुकानों में भी तोड़फोड़ की। इन घटनाओं को ध्यान में रखते हुए पाकुड़ जिले के सीमाई इलाकों में पुलिस अधिकारी व जवानों को तैनात किया गया है।

## होम्योपैथी को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे : डॉ एसके सिंह



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी स्थित पोद्दार होम्यो क्लिनिक में होम्योपैथी के संस्थापक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की 270वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।इस अवसर पर उपस्थित होम्योपैथिक चिकित्सकों ने हैनिमैन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ.सूयानंद ने बताया कि जर्मन चिकित्सक डॉ हैनिमैन ने 19वीं सदी में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को पहली बार प्रमुखता दिलाई।वे साइड इफेक्ट्स वाली चिकित्सा प्रणाली और अनावश्यक दवाओं के विरोधी थे।इस कार्यक्रम में शहर के सभी प्रमुख होम्योपैथिक चिकित्सक उपस्थित रहे।सभी ने अपनी-अपनी राय रखी,अनुभव साझा किए और होम्योपैथी को कैसे और आगे बढ़ाया जा सकता है।इस पर गहन चर्चा हुई।विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया। कि होम्योपैथी को सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर आम जनता तक कैसे पहुँचाया जाए।कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टरों में डॉ.सचिदानंद,डॉ.विजय कुमार डॉ एस के सिंह डॉ.अरुण कुमार,डॉ.उमा कुमारी,डॉ अशोक कुमार ठाकुर,शरद पोद्दार,जितेन्द्र कुमार व अन्य चिकित्सकों ने अपने विचार रखे और इस आयोजन को सफल बनाया।सभी चिकित्सकों ने एकमत होकर यह संकल्प लिया कि वे होम्योपैथी को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे तथा इसे एक सस्ती,सुलभ और प्रभावशाली चिकित्सा पद्धति के रूप में स्थापित करेंगे।

## गाड़ी से बरामद हुआ 1200 पेटी नकली अंग्रेजी, ड्राइवर को भेजा गया जेल

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के मंगरदाहा घाटी पेट्रोल पंप के समीप से गुरुवार की शाम में जब्त एक ट्रक से कुल 1200 कार्टून नकली शराब जब्त किया गया है। उत्तर प्रदेश में पंजीकृत ट्रक को जब्त करते हुए उत्तर प्रदेश के ही आजमगढ़ जिले के तरवां थाना क्षेत्र अंतर्गत उचां गांव निवासी ड्राइवर जितेंद्र यादव को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है। पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि गुरुवार को लगभग सात बजे गुप्त सूचना मिली कि नकली अंग्रेजी शराब लदा एक ट्रक गढ़वा की ओर से मेदिनीनगर की ओर जा रहा है। सूचना का सत्यापन के लिए चैनपुर थाना की पुलिस को सक्रिय किया गया। पेट्रोल पंप के समीप अंग्रेजी शराब लदा ट्रक पाकर संबंधित ड्राईवर से गाड़ी में लोड सामान के बारे में पूछताछ की गई। ड्राइवर ने बताया कि इसमें शराब है जिसे गोवा से भूटान ले जाना है। बाद में मामले की जानकारी उत्पाद विभाग को दी गई।

उत्पाद विभाग अधिकारी पहुंचकर कागजात की जांच की तो नकली पाया गया। इसके बाद ट्रक की जांच की गई, जांच के दौरान भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। पुलिस व उत्पाद विभाग ने ट्रक जब्त कर इसकी गिनती की तो पाया कि 1200 पेटी अंग्रेजी शराब पाया गया। कुल 14400 बोतल नकली अंग्रेजी शराब जब्त किया गया है। प्रत्येक बोतल में 750 एमएल शराब है। बोतल पर जीवी चॉइस माल्ट व्हिस्की बैच नंबर 007 लिखा हुआ है। इसमें 10 हजार 800 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब पाया गया। गिरफ्तार ड्राइवर जितेंद्र यादव ने पुलिस को बताया कि झारखंड में जमशेदपुर के रहने वाले नीरज गुप्ता, प्रकाश राम व बिहार के रहने वाला बसंत गुप्ता इसमें शामिल है जो अवैध शराब के खरीद बिक्री व वितरण का देखरेख करता है। छापामारी दल में सदर अंचल के पुलिस निरीक्षक जीतराम महली, चैनपुर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत कुमार, अनिल विद्यार्थी, पंकज कुमार तिवारी, सहायक अवर निरीक्षक विनोद कुजूर, रामचंद्र चौधरी, आरक्षी सुधीर कुमार पांडेय, राज किशोर राम, शैलेंद्र कुमार व तकनीकी शाखा के कर्मचारी शामिल थे।

## देवघर में नए बस स्टैंड का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**देवघर:** जिले के बाघमारा में खुले नए अंतर्राज्यीय बस स्टैंड का निरीक्षण देवघर नगर निगम के नगर आयुक्त रोहित सिन्हा ने किया। नगर आयुक्त ने नए बस स्टैंड का अवलोकन करने के बाद कहा कि यहां की व्यवस्था काफी अच्छी है और इसलिए जिला प्रशासन और नगर निगम के द्वारा बहुत ही सोच-समझकर यहां बस स्टैंड बनवाया गया है।

**हड़ताल समाप्त करने की अपील**

बस स्टैंड का निरीक्षण करने के बाद नगर आयुक्त रोहित सिन्हा ने कहा कि देवघर के बाघमारा में इंटर स्टेट बस टर्मिनल का 60 करोड़ की लागत से निर्माण कराया गया है। 10 एकड़ में बने इस बस स्टैंड में सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बस एसोसिएशन के सदस्यों की हड़ताल पर कहा कि उनकी तरफ से यह अपील की जा रही है कि सभी बस मालिक अपने हड़ताल को समाप्त कर बसों का परिचालन नए बस स्टैंड से शुरू करें।

**बस एसोसिएशन की मांग जायज नहीं**



नगर आयुक्त रोहित सिन्हा ने कहा कि जिस बात को लेकर बस एसोसिएशन के लोग हड़ताल कर रहे हैं वह मांग कहीं से भी जायज नहीं है। बस एसोसिएशन के लोग यह समस्या बता रहे हैं कि नए बस स्टैंड से शहर काफी दूर है। उन्होंने कहा कि नए बस स्टैंड और पुराने बस स्टैंड की दूरी महज चार किलोमीटर है। बाघमारा में नया बस स्टैंड के शुरू होने से शहरवासियों को जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी।

**बस मालिकों को हर संभव मदद का भरोसा**

उन्होंने कहा कि इसके बावजूद यदि बस एसोसिएशन के लोग जनहित में अपनी हड़ताल को समाप्त नहीं करते हैं तो निश्चित रूप से वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकर वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। इसे लेकर उन्होंने आज नए बस स्टैंड का भी निरीक्षण किया है। नगर आयुक्त ने कहा कि यहां से बसें परिचालित हो रही हैं उन बसों के मालिकों को हर संभव मदद की जाएगी। जो लोग जनता के हित के लिए काम नहीं करेंगे उनके खिलाफ ठोस कदम भी उठाए जाएंगे। वहीं नए बस स्टैंड खुलने से स्थानीय लोगों और यात्रियों ने खुशी जाहिर की है।

गौरतलब है कि देवघर में नए इंटर स्टेट बस टर्मिनल खुलने से बस एसोसिएशन का एक धड़ा विरोध कर रहा है। जिस वजह से कई बसों का परिचालन ठप पड़ा है और यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब देखने वाली बात होगी कि जिला प्रशासन और नगर आयुक्त के अपील के बाद बस एसोसिएशन के सदस्यों की हड़ताल कब तक समाप्त होती है।

## इमरान हाशमी ने पहली बार बेटे के कैंसर से जंग पर तोड़ी चुप्पी



बॉलीवुड में अपने दमदार अभिनय और सुपरहिट फिल्मों के जरिए इमरान हाशमी ने एक सुनहरा दौर रचा था, लेकिन हर चमकते सितारे की तरह उन्हें भी जिंदगी के कुछ बेहद मुश्किल दौरों से गुजरना पड़ा। जब उनका करियर ऊंचाइयों पर था और वे अपने परिवार के साथ एक खुशहाल जीवन बिता रहे थे, तभी एक दिल दहला देने वाली खबर ने उनकी दुनिया ही बदल दी, उनके महज 3 साल के बेटे को कैंसर होने का पता चला। यह सुनकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। वर्षों तक इस दर्द को अपने दिल में छुपाए रखने के बाद अब पहली बार इमरान ने उस मुश्किल दौर के बारे में खुलकर बात की है। इमरान हाशमी हाल ही में एक पॉडकास्ट नजर आये। इस पॉडकास्ट में कठिन समय के बारे में बात करते हुए, उन्होंने बेटे अयान की बीमारी पर बात की। इमरान ने कहा, जब 2014 में मेरा बेटा बीमार पड़ा, तो वह मेरी ज़िंदगी का सबसे मुश्किल समय था। मैं उस मुश्किल समय को शब्दों में बयां नहीं कर सकता। हमने 5 साल तक इस मुश्किल समय का सामना किया, लेकिन इस दौरान मैंने बहुत कुछ सीखा। जनवरी 2014 में मेरा बेटा बीमार पड़ गया। और हमारा परिवार बहुत सदमे में था। उस पल, मेरी ज़िंदगी बदल गई। 13 जनवरी को हम अपने बेटे के साथ ताज होटल में पिज्जा खा रहे थे। वह मेरी पत्नी, उसकी मां के साथ पेशाब करने गया था। उसने देखा कि उसके पेशाब से खून निकल रहा है। यह कैंसर का पहला संकेत था। फिर, अगले 3 घंटों के भीतर, हम एक डॉक्टर के क्लिनिक में थे और डॉक्टर हमें बता रहे थे कि आपके बेटे को कैंसर है। आपको उसे कल ऑपरेशन के लिए लाना होगा। उसके बाद उसे कीमोथेरेपी से गुजरना होगा। उन 12 घंटों में मेरी पूरी ज़िंदगी बदल गई। हमने उसके कोई लक्षण भी नहीं देखे थे। उस समय वह केवल 3 साल और 11 महीने का था। यह कैंसर 4 साल से कम उम्र के बच्चों में होता है। इमरान ने आगे कहा, ₹जब हमें इस बारे में पता चला तो हम अपने बेटे के सामने रो भी नहीं पाए, क्योंकि हमें उसके मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना था। सिर्फ.एक दिन ऐसा था जब हमारे परिवार में सभी लोग रोए थे। उसके बाद सभी को उम्मीद थी कि सब ठीक हो जाएगा। इसमें पहले 6 महीने कीमोथैरेपी और फिर कैंसर को दोबारा होने से रोकने के लिए 5 साल का इलाज शामिल था। हमें हर 3 महीने में टेस्ट करवाना पड़ता था। मैंने इस पर एक किताब भी लिखी है। मेरे साथ ऐसा क्यों हो रहा है? मैं सोचता था। मुझे बहुत गुस्सा आता था। एक अभिभावक के तौर पर हम पीछे नहीं रहना चाहते थे। इसलिए मैंने कैंसर के बारे में सब कुछ पढ़ा। जब मैं डॉक्टर से मिलता तो वे भी मुझसे पूछते कि तुम्हें इतना सब कैसे पता है। मैंने उस कैंसर और उसके इलाज के बारे में सब कुछ जान लिया था।

# सनी देओल की फिल्म 'जाट' ने पहले दिन कमाए सिर्फ 9.50 करोड़ रुपये



बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की फिल्म 'जाट' गुरुवार 10 अप्रैल को रिलीज हो गई। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी उत्सुकता है। फिल्म 'जाट' की चर्चा हर जगह हो रही है। सोशल मीडिया पर दर्शक फिल्म 'जाट' की कहानी और दमदार एक्शन सीन्स की खूब तारीफ कर रहे हैं। लोग यह भी कह रहे हैं कि इस फिल्म को परिवार के साथ देखा जा सकता है, लेकिन इतनी प्रशंसा के बावजूद फिल्म ने पहले दिन बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। सनी देओल और रणदीप हुड्डा की फिल्म 'जाट' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। यह 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने पर कई जगह प्रशंसक फिल्म देखने के लिए उमड़ पड़े। कुछ स्थानों पर फिल्म देखने आए दर्शक ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते नजर आए। 'जाट' को लेकर दर्शकों में गजब का क्रेज था। चूंकि महावीर जयंती की छुट्टी थी, इसलिए उम्मीद थी कि यह फिल्म अच्छी शुरूआत करेगी। हालांकि, पहले दिन कमाई के मामले में सनी देओल की 'जट' सलमान खान की 'सिकंदर' से पीछे रह गई। 'जाट' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शनइंडस्ट्री ट्रैकर सैकनीलक की रिपोर्ट के अनुसार गोपीचंद माली के निर्देशन में बनी फिल्म 'जाट' ने पहले दिन सिर्फ 9.50 करोड़ रुपये की कमाई की है। निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी द्वारा निर्देशित फिल्म 'जाट' का बजट 100 करोड़ रुपये है। 'गदर 2' के दो साल बाद सनी देओल इस एक्शन-मसाला फिल्म के साथ सिल्वर स्क्रीन पर लौटे हैं। 'गदर-2' की बॉक्स ऑफिस सफलता के बाद, प्रशंसक सनी देओल को 'जाट' में देखने के लिए काफी उत्साहित थे। फिल्म 'जाट' के बारे मेंफिल्म 'जाट' एक एक्शन मनोरंजक फिल्म है और इसमें अभिनेता सनी देओल मुख्य भूमिका में हैं। सनी के साथ इस फिल्म में रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, रेजिना कैसांड्रा, सैयामी खेर और स्वरूपा घोष जैसे दिग्गज कलाकार भी नजर आएंगे। फैन्स को उम्मीद है कि 'गदर-2' के बाद सनी देओल की फिल्म 'जाट' भी सुपरहिट होगी। सनी देओल के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो फिल्म 'जाट' के बाद सनी फिल्म 'बॉर्डर-2' और 'लाहौर 1947' में नजर आएंगे।

## 'रेड-2' से तमन्ना भाटिया का 'नशा' गाना हुआ रिलीज



काफी समय से चर्चा में बनी हुई अजय देवगन की आगामी फिल्म 'रेड-2' एक बार फिर सुर्खियों में है। इस फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता ने किया है, जिन्होंने पहले भी 'रेड' जैसी हिट फिल्म दी थी। खास बात यह है कि इस बार अजय देवगन की जोड़ी पहली बार वाणी कपूर के साथ बनी है, जो दर्शकों के लिए एक नई फ्रेश केमिस्ट्री लेकर आ रही है। वहीं, रितेश देशमुख भी फिल्म में एक अहम भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर पहले ही काफी सराहना बटोर चुका है और अब हाल ही में इसका पहला गाना 'नशा' रिलीज किया गया है। इस गाने में तमन्ना भाटिया अपने जबरदस्त डांस मूव्स से सबका दिल जीत रही हैं। उनका ग्लैमरस अंदाज और एनर्जी से भरपूर परफॉर्मेंस गाने को और भी खास बना देता है। गाना रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा है और फैंस इसे खूब पसंद कर रहे हैं। इस हाई-एनर्जी ट्रैक को जैस्मिन सैंडलास, सचेत टंडन, दिव्या कुमार और सुमोंथो मुखर्जी ने मिलकर अपनी आवाज दी है, जबकि इसके दमदार बोल जाने-माने गीतकार जानी ने लिखे हैं। गाने का म्यूजिक और तमन्ना भाटिया का शानदार डांस परफॉर्मेंस इसे और भी खास बना रहा है। फिल्म 'रेड 2' इस साल 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह 2018 में आई सुपरहिट फिल्म 'रेड' का सीक्वल है, जिसमें आयकर विभाग द्वारा 1980 के दशक में सरदार इंदर सिंह के घर पर की गई सच्ची छापेमारी की कहानी दिखाई गई थी। पहली फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए लगभग 153 करोड़ की कमाई की थी और यह फिलहाल नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। अब देखना दिलचस्प होगा कि अजय देवगन, वाणी कपूर, रितेश देशमुख और तमन्ना भाटिया स्टारर 'रेड 2' दर्शकों की उम्मीदों पर कितनी खरी उतरती है।

## सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर 'खौफ' का ट्रेलर रिलीज



ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज 'खौफ' इन दिनों दर्शकों के बीच खूब चर्चा बटोर रही है। सस्पेंस और हॉरर से भरपूर इस सीरीज का हाल ही में ट्रेलर जारी किया गया है, जिसने दर्शकों की दिलचस्पी और बढ़ा दी है। ट्रेलर में एक रहस्यमयी माहौल, डरावने पल और मानसिक तनाव की झलक देखने को मिलती है, जो इसे खास बनाता है। खास बात यह है कि बिग बॉस 18 की प्रतियोगी चुम दरांग भी इस सीरीज से डिजिटल डेब्यू कर रही हैं, जो फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज है। 'खौफ' का ट्रेलर यह संकेत देता है कि यह सीरीज केवल डराने के लिए नहीं है, बल्कि इसकी कहानी में गहराई, मनोवैज्ञानिक उलझन और थ्रिल का अनोखा मिश्रण भी देखने को मिलेगा। अब फैंस बेसब्री से इसके रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। अमेजन प्राइम वीडियो की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज 'खौफ' का प्रीमियर 18 अप्रैल, 2025 से होने जा रहा है। निमार्ताओं ने जब इसका ट्रेलर रिलीज किया, तो साथ में एक रहस्यमयी लाइन भी शेयर की, ₹जो दिखता है, जरूरी नहीं वो सच हो।₹ इस एक लाइन ने ही दर्शकों के बीच उत्सुकता का माहौल बना दिया है। इस सस्पेंस और हॉरर से भरपूर सीरीज का निर्देशन पंकज कुमार और सूर्या बालाकृष्णन ने संयुक्त रूप से किया है। इसके निमार्ता संजय राउत्रे और सरिता पाटिल हैं। मुख्य भूमिकाओं में मोनिका पंवार, रजत कपूर, गीतांजलि कुलकर्णी, शिल्पा शुक्ला और चुम दरांग हैं। इसके अलावा इस सीरीज में प्रियंका सेतिया, रश्मी जुरैल मान, रिया शुक्ला, आशिमा वरदान, शालिनी वत्स, गगन अरोड़ा और सत्यम शर्मा जैसे प्रतिभाशाली कलाकार भी नजर आएंगे। सस्पेंस, मनोवैज्ञानिक थ्रिल और डर की परतों से सजी 'खौफ' दर्शकों को एक अनोखा अनुभव देने के लिए तैयार है।

# स्टंट कलाकारों के लिए खुशखबरी, ऑस्कर में शामिल हुई नई कैटेगरी




ऑस्कर अकादमी ने हाल ही में एक ऐतिहासिक फैसला लिया है, जिसने फिल्म जगत में उत्साह की लहर है। अकादमी ने स्टंट डिजाइन को आधिकारिक रूप से मान्यता देते हुए इसे ऑस्कर पुरस्कार की नई श्रेणी के रूप में शामिल कर लिया है। अब स्टंट कलाकारों और कोरियोग्राफर्स को भी उनकी कला और योगदान के लिए उसी तरह सम्मान मिलेगा, जैसा अन्य तकनीकी और रचनात्मक क्षेत्रों को मिलता है। यह नया स्टंट डिजाइन पुरस्कार पहली बार ऑस्कर के शताब्दी वर्ष समारोह में प्रस्तुत किया जाएगा, जो इस निर्णय को और भी ऐतिहासिक बना देता है। अकादमी के इस फैसले की सराहना करते हुए प्रसिद्ध भारतीय निर्देशक एस.एस. राजामौली ने अपनी खुशी जाहिर की है। अकादमी ने अब स्टंट कला को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया है और स्टंट डिजाइन पुरस्कार को आधिकारिक रूप से अपनी पुरस्कार श्रेणियों में शामिल कर लिया है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार की शुरूआत अकादमी के 100वें वर्षगांठ समारोह के अवसर पर की जाएगी। खास बात यह है कि यह पुरस्कार उन फिल्मों को प्रदान किया जाएगा जो साल 2027 में रिलीज होंगी। यह स्टंट कलाकारों के लिए ऐतिहासिक और गर्व का क्षण है, जिन्हें लंबे समय से उनके जोखिम भरे और रचनात्मक योगदान के लिए समुचित पहचान नहीं मिल पा रही थी। फिल्म अकादमी की प्रोडक्शन और तकनीकी शाखा में फिलहाल 100 से अधिक स्टंट कलाकार सदस्य हैं, जो इस नए फैसले के साथ अब पहले से ज्यादा मजबूती और सम्मान के साथ अपनी पहचान दर्ज करा सकेंगे। ऑस्कर अकादमी का पोस्टऑस्कर अकादमी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर कर एक ऐतिहासिक घोषणा की है। इस पोस्ट में लिखा गया है, ₹स्टंट हमेशा से ही फिल्मों के करिश्मा का हिस्सा रहे हैं और अब वो ऑस्कर का भी हिस्सा हैं। अकादमी ने स्टंट डिजाइन में शानदार काम करने वाले कलाकारों के लिए एक नया सालाना पुरस्कार तैयार किया है। जिसकी शुरूआत साल 2028 में 100वें ऑस्कर पुरस्कार समारोह से होगी, जो साल 2027 में रिलीज होने वाली फिल्मों को सम्मानित करेगा। ऑस्कर अकादमी के सीईओ बिल क्रेमर और अध्यक्ष जेनेट यंग ने एक संयुक्त बयान में कहा, ₹सिनेमा की शुरूआत से ही स्टंट कलाकारों ने फिल्मों में अहम और अमूल्य योगदान दिया है। हमें गर्व है कि हम अब इन तकनीकी और रचनात्मक प्रतिभाओं के अद्भुत कार्य को सम्मानित कर रहे हैं। इस महत्वपूर्ण पड़ाव तक पहुंचने में जिन कलाकारों ने अपना जुनून, समर्पण और मेहनत दिखाई है। हम उन्हें दिल से बधाई देते हैं।

## मोंटे कार्लो मास्टर्स : कार्लोस अल्कराज सेमीफाइनल में, स्टेफानोस सितसिपास बाहर

एजेंसी



**नई दिल्ली :** स्पेन के युवा स्टार कार्लोस अल्कराज ने मोंटे कार्लो मास्टर्स के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने स्थानीय खिलाड़ी आर्थर फिस को 4-6, 7-5, 6-3 से हराया। यह मुकाबला करीब ढाई घंटे चला, जिसमें दोनों खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। फिस ने शुरूआत में दो ब्रेक लेकर 3-0 की बढ़त बनाई थी, लेकिन अनुभव ने अंत में अल्कराज को जीत दिलाई। पहला सेट फिस ने 6-4 से जीता और दूसरे सेट में भी उनके पास कई ब्रेक पॉइंट्स थे, लेकिन वो उन्हें भुना नहीं सके। फिस ने दूसरे सेट में सात ब्रेक पॉइंट गंवाए, वहीं अल्कराज ने 12वें गेम में शानदार लॉब लगाकर सेट अपने नाम किया। तीसरे सेट में भी फिस ने शुरूआती बढ़त ली, लेकिन अल्कराज ने धैर्य नहीं खोया और वापसी कर दो बार सर्विस ब्रेक की। तीसरे सेट के आठवें गेम में सर्विस गंवाने के बाद फिस ने गुस्से में अपना रैकेट तोड़ दिया। यह पल निर्णायक साबित हुआ क्योंकि इसके बाद वे लय में नहीं लौट सके और अल्कराज ने आसानी से मैच खत्म कर दिया।

जीत के बाद अल्कराज ने कहा, ह्लसच्चे चैंपियन वही होते हैं जो जरूरत के समय अपना सर्वश्रेष्ठ स्तर पा लेते हैं। मैं भी चाहता हूं कि पहले से आखिरी पॉइंट तक बेस्ट टेनिस खेलूं, लेकिन ढाई घंटे तक लगातार टॉप लेवल पर खेलना आसान नहीं होता। दूसरी ओर, चौथी बार के चैंपियन स्टेफानोस सितसिपास को इटली के लोरेंजो मुसैती ने 1-6, 6-3, 6-4 से हराकर बाहर कर दिया। मुसैती अब ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर से भिड़ेंगे, जिन्होंने ग्रिगोर दिमित्रोव को महज 44 मिनट में 6-0, 6-0 से हराया। दिमित्रोव ने मैच में 23 अनफोर्स्ड एरर्स किए। अब सेमीफाइनल में कार्लोस अल्कराज का सामना अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगा।

## फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम टूरः कार्लसन और कारुआना के बीच जबरदस्त मुकाबला, 67 चालों के बाद ड्रॉ

एजेंसी



**नई दिल्ली :** फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम टूर के सेमीफाइनल के पहले चरण में शुक्रवार को मैग्नस कार्लसन और फेबियानो कारुआना के बीच एक बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। यह खेल 67 चालों तक चला और अंत में सिर्फ दोनों खिलाड़ियों के राजा ही बोर्ड पर बचे, जिससे मुकाबला ड्रॉ पर खत्म हुआ। सफेद मोहरों से खेलते हुए कारुआना ने शुरूआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने नाइट और बिशप को तेजी से एक्टिव किया, लेकिन कार्लसन ने शांत और संतुलित अंदाज में उनका दबाव झेला। उन्होंने अपनी क्वीन का शानदार उपयोग करते हुए कारुआना की बढ़त को रोक दिया। क्वीन एक्सचेंज के बाद रणनीतिक जंग 18वीं चाल तक दोनों खिलाड़ियों ने अपनी रानियां एक्सचेंज कर दी थीं, जिससे खेल रणनीतिक मोड़ पर आ गया। इसके बाद का खेल बेहद संतुलित रहा, जहां दोनों ग्रैंडमास्टर्स ने बारीकी से हर चाल चली। 67वीं चाल में कारुआना ने आखिरी प्यादा भी हटा दिया, लेकिन तब तक सिर्फ राजा ही बचे थे। इस वक्त कारुआना की घड़ी में सिर्फ 10 मिनट बचे थे, जबकि कार्लसन के पास आधे घंटे से भी ज्यादा समय था। दूसरे सेमीफाइनल में हिकारू नकामुरा और विंसेंट कीमर के बीच खेल उतना रोमांचक नहीं रहा। यह मुकाबला मात्र 40 चालों में समाप्त हो गया। हालांकि बोर्ड पर कई मोहरे बचे थे, लेकिन दोनों खिलाड़ियों ने शुरूआती क्वीन एक्सचेंज के बाद कोई बड़ा जोखिम नहीं उठाया और ड्रॉ पर सहमति बना ली। ऐसा माना जा रहा है कि दोनों ने अगली बाजी के लिए ऊर्जा बचाने की रणनीति अपनाई। सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले आज (12 अप्रैल) खेले जाएंगे, जहां सभी खिलाड़ी फाइनल में पहुंचने के लिए पूरी ताकत झोंकते नजर आएंगे।

## लगातार पाँचवीं हार के बाद भी सीएसके ने नहीं छोड़ी प्लेऑफ की उम्मीद, हसी बोले - अब भी कर सकते हैं वापसी

एजेंसी



**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रदर्शन अब तक बेहद निराशाजनक रहा है। शुक्रवार (11 अप्रैल) को कोलकाता नाइट राइडर्स से करारी हार झेलने के बाद टीम लगातार पाँचवाँ मैच हार गई और अंकतालिका में नौवें स्थान पर खिसक गई है। इसके बावजूद टीम के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी का मानना है कि सीएसके अब भी प्लेऑफ में जगह बना सकती है। कोलकाता से हार के बाद माइकल हसी ने कहा, ₹हम अभी हार मानने को तैयार नहीं हैं। टूर्नामेंट लंबा है और इसमें बस चौथे स्थान पर पहुंचना जरूरी होता है। हां, इस वक्त हमारे पास कोई मोमेंटम नहीं है और हम अच्छा क्रिकेट नहीं खेल पा रहे हैं, ये हम मानते हैं। लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि चीजें बदल नहीं सकतीं। उन्होंने आगे कहा, अगर हम एक-दो जीत दर्ज कर पाएं तो टीम का आत्मविश्वास लौटेगा और तब कुछ भी हो सकता है। हमें भरोसा है कि हम टेबल में अंतिम चार में जगह बना सकते हैं। सीएसके की लगातार हार के बाद टीम में बदलाव की मांग उठ रही है, लेकिन हसी इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा, ₹यह समय है एकजुट रहने का, न कि सबकुछ बदलने का। हमारे खिलाड़ी जिस अंदाज में खेलने के आदी हैं, हम उन्हें अचानक एकदम अलग तरीके से खेलने के लिए नहीं कह सकते। सीएसके हमेशा स्थिरता में विश्वास रखती है, और हमें उसी पर कायम रहना है। टीम में युवा खिलाड़ियों को मौका न दिए जाने पर उठ रहे सवालों के बीच हसी ने कहा कि अनुभव का अपना महत्व है। उन्होंने कहा, ₹शेन वॉटसन और अजिंक्य रहाणे जैसे खिलाड़ियों ने अपने करियर के अंतिम दौर में सीएसके के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। मुझे अब भी लगता है कि हमारे अनुभवी खिलाड़ी टीम के लिए काफी कुछ दे सकते हैं।

माइकल हसी ने कहा कि मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग, कप्तान एमएस धोनी और चोट के बावजूद टीम के साथ बने रहने वाले रुतुराज गायकवाड़ मिलकर टीम को एकजुट रखेंगे। उन्होंने सीएसके फैन्स से भी समर्थन बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा, ₹हमारे पास अब भी टैलेंट है और हम इस स्थिति से निकल सकते हैं। लेकिन इसके लिए मेहनत करनी होगी।

# लालजी टंडन ने 7 दशक तक राजनीति में अपनी मजबूत पहचान बनाकर रखी : सीएम योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व राज्यपाल लालजी टंडन की जयंती पर उन्हें किया याद

एजेंसी



**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पूर्व राज्यपाल लालजी टंडन की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पूर्व राज्यपाल लालजी टंडन भारत माता के ऐसे सपूत थे जिन्होंने लखनऊ, प्रदेश और देश की राजनीति में लगभग 7 दशक तक अपनी एक मजबूत पहचान बनाकर रखी। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में सम और विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए एक पार्टी, एक विचारधारा और जीवन भर राष्ट्रवाद के मूल्यों का अनुसरण किया।

जब कोई व्यक्ति अपनी मयार्दाओं का पालन करता है तो शिखर तक पहुंचने में देर नहीं लगती मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टंडनजी की लखनऊ, प्रदेश और देश की राजनीति में प्रभावी उपस्थिति, उनके मूल्यों और आदर्शों को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि टंडन जी के व्यक्तित्व में हमेशा दिखायी देता था कि जब एक व्यक्ति अपनी मयार्दाओं का पालन करता है तो उसे शिखर तक पहुंचने में देर नहीं लगती है। उन्होंने लखनऊ में एक सामान्य कार्यकर्ता, स्वयंसेवक के रूप में लखनऊ नगर पालिका परिषद और लखनऊ नगर निगम पार्षद के बाद विधान परिषद सदस्य और फिर विधायक के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में अपनी भूमिका निभायी। इसके बाद वह लखनऊ के लोकप्रिय सांसद बने। उनकी सार्वजनिक छवि, आम जनमानस के साथ उनके संवाद, हर एक के सुख-दुख में सहभागी बनने के ज्जबे को सभी ने देखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टंडन जी की सेवाएं, उनका व्यक्तित्व और कृतित्व आज भी एक प्रेरणा बना हुआ है। सीएम ने उनकी 90वीं जयंती पर उनका स्मरण करते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, मंत्री असीम अरुण, मेयर सुषमा खर्कवाल, सासंद बृज लाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, विधायक ओपी श्रीवास्तव, सुरेश तिवारी, डॉ.नीरज बोरा, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय चौधरी, अमित टण्डन, नीरज सिंह, रजनीश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में केशव प्रसाद मौर्य ने किया दर्शन



**लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को हजरतगंज स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंचकर दर्शन किया और बजरंगबली से प्रदेशवासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की। पुजारी ने उप मुख्य?मंत्री का तिलक कर प्रसाद दिया। इसके बाद केशव प्रसाद मौर्य हजरतगंज स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में भाजपा कार्यकताओं की उपस्थिति में बिहार के पूर्व राज्यपाल स्व. लालजी टण्डन की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। पुष्पांजलि के समय उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, एमएलसी मुकेश शर्मा, एमएलसी रामचन्द्र प्रधान, विधायक ओपी श्रीवास्तव और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी उपस्थित रहे।

## केंद्रीयमंत्री शिवराज सिंह का एक दिवसीय बिहार दौरा, प्रदेश भाजपा नेताओं के संग करेंगे बैठक

एजेंसी



**पटना :** केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकासमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज एकदिवसीय दौरे पर पटना आ रहे हैं। शिवराज सिंह चौहान दो बार बिहार आ चुके हैं। ये तीसरी बार है जब चुनावी हलचल के बीच वे बिहार आ रहे हैं। शिवराज सिंह चौहान अपने पटना दौरे के दौरान भाजपा नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इसके अलावा आगामी कार्यक्रम पर विचार-विमर्श करने के बाद रणनीति बनाएंगे। शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। वर्तमान में वो केंद्र सरकार में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री हैं। उन्हें चुनावी रणनीतिकार के रूप में जाना जाता है। ऐसे में उनका बिहार आना काफी महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। शिवराज सिंह 1990 में मध्य प्रदेश के बुधनी से विधायक बने थे। 1990 के दशक में अखिल भारतीय केशरिया वाहिनी के संयोजक के रूप में अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत की । इसके बाद कई बार भाजपा से विधायक और सांसद बने। शिवराज सिंह चौहान की गिनती भाजपा के बड़े पिछड़े चेहरे के रूप में होती है।

**शिवराज सिंह चौहान का मिनट टू मिनट कार्यक्रम**

- 11: 45 बजे पटना स्थित भाजपा कार्यालय में राज्य के वरिष्ठ नेताओं के साथ करेंगे। बैठक
- मधुबनी में होने वाले पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में होगी।
- दोपहर 1 बजे स्टेट गेस्ट हाउस पटना में बिहार मे ग्रामीण विकास की केन्द्रीय योजनाओं की समीक्षा करेंगे।
- दोपहर 1:45 बजे मधुबनी के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वीसी के जरिए करेंगे बातचीत ।
- दोपहर 2:30 बजे रामकृष्ण द्वारका कॉलेज में आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

## मप्र में भीषण गर्मी से चार दिन राहत, आज 31 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश का अनुमान

एजेंसी



**भोपाल :** मध्य प्रदेश में इन दिनों तेज गर्मी का सिलसिला जारी है। प्रदेशभर के कई जिलों में जहां गर्मी और लू का कहर है, वहीं कुछ जिलों में बारिश भी हो रही है। हालांकि, भीषण गर्मी के बीच अब प्रदेश के लोगों को अगले 4 दिनों गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विभाग का कहना है कि 15 अप्रैल तक तेज गर्मी और लू का अलर्ट नहीं है। इस दौरान बारिश, ओले, आंधी और गरज-चमक की संभावना है। इससे पहले शुक्रवार को भी ग्वालियर समेत कई शहरों में बारिश हुई, जबकि भोपाल में बादल छाए रहे। जिससे दिन के तापमान में गिरावट हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन और दो ट्रफ के एक्टिव होने की वजह से प्रदेश में मौसम बदला हुआ है। 15 अप्रैल तक लू का असर नहीं रहेगा। दिन-रात के तापमान में गिरावट भी देखने को मिलेगी। शनिवार को पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में ओले गिर सकते हैं। वहीं, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, नर्मदापुरम, उज्जैन, रीवा, शहडोल, सागर संभाग के 31 जिलों में तेज आंधी चलने और बारिश होने का अनुमान है। ऐसा ही मौसम 15 अप्रैल तक बना रहेगा। इससे पहले तेज गर्मी और लू से शुक्रवार को थोड़ी राहत मिली। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत कई जिलों में तापमान लुढ़ककर 40 डिग्री के नीचे आ गया है। भोपाल में सुबह से ही बादल छाए रहे तो ग्वालियर में हल्की बारिश भी हुई है। वहीं, शाम को रीवा, अनूपपुर, रीवा, मुरैना, ग्वालियर, सीहोर, शहडोल और मऊगंज में मौसम बदला हुआ है। शुक्रवार को भोपाल-इंदौर में 39.6 डिग्री, ग्वालियर में 39.7 डिग्री, उज्जैन में 39.2 डिग्री और जबलपुर में तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे गर्म गुना रहा, यहां तापमान 40.7 डिग्री रहा। नर्मदापुरम में 40.6 डिग्री, खंडवा में 42.5 डिग्री, खजुराहो (छतरपुर) में 42.4 डिग्री, खरगोन में 41.8 डिग्री, नौगांव-टीकमगढ़ में 41 डिग्री, दमोह में 40.5 डिग्री, रतलाम में 40.4 डिग्री, सिवनी में 40.2 डिग्री, धार, मंडला-सागर में 40 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

## जम्मू के अखनूर में सेना ने पाकिस्तान की घुसपैठ की कोशिश विफल की, गोलीबारी में जेसीओ शहीद

एजेंसी

**जम्मू :** पाकिस्तान की सेना ने शुक्रवार देररात जम्मू के अखनूर के पुलिस स्टेशन खौर के अंतर्गत केरी-बट्टल सेक्टर में तैनात 09 पंजाब (सेना) द्वारा संचालित भारतीय अग्रिम चौकी पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की। इसके जवाब में भारतीय सेना (09 पंजाब और 18 मराठा एमएलआई) ने भी गोलीबारी कर जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान अखनूर सेक्टर में कल रात आतंकवादियों के साथ गोलीबारी के दौरान गंभीर रूप से घायल सेना के जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) ने शनिवार को दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि सेना ने केरी-बट्टल सेक्टर में अग्रिम चौकी के पास आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने सेना के गश्ती दल पर गोलीबारी की। जवाबी कार्रवाई की गई जिसके परिणामस्वरूप कुछ गोलीबारी हुई। इस घटना में एक जेसीओ 12 गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि बेहतरीन प्रयासों के बावजूद गंभीर रूप से घायल जेसीओ को बचया नहीं जा सका। वह कर्तव्य पथ पर शहीद हो गए।

## शिवपुरी के भीमपुर गांव में 2800 मेगावाट क्षमता के परमाणु ऊर्जा संयंत्र को सैद्धांतिक मंजूरी

एजेंसी



**शिवपुरी :** शिवपुरी जिले को ऊर्जा क्षेत्र में ऐतिहासिक पहचान मिलने जा रही है। केंद्र सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग ने शिवपुरी के भीमपुर गांव में 2800 मेगावाट क्षमता के परमाणु ऊर्जा संयंत्र को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। यह संयंत्र नरवर तहसील में मणिखेड़ा डैम के पास प्रस्तावित है। 28 मार्च 2025 को जारी आधिकारिक पत्र में यह जानकारी दी गई है। जिसे न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ठढउक्छ) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक को भेजा गया है। चार यूनिट में होगा बिजली उत्पादन परियोजना के तहत 700-700 मेगावाट क्षमता के चार यूनिट लगाए जाएंगे। यह संयंत्र मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगा। इसके लिए ठढउक्छ को प्री-प्रोजेक्ट गतिविधियां शुरू करने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

**ग्राम पंचायत भीमपुर का ही चुनाव क्यूं ?**

बताया गया है कि परमाणु ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए जिन प्राकृतिक संसाधनों की आवश्यकता होती है, वे इस क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। ठंडा और स्थिर मौसम, साथ ही पर्याप्त जल स्रोत। ये दोनों ही कारक भीमपुर को इस परियोजना के लिए उपयुक्त बनाते हैं। मणिखेड़ा डैम में सालभर भरपूर पानी रहता है, जो परमाणु संयंत्र को संचालित करने के लिए बेहद जरूरी है।

**मणिखेड़ा डैम के पानी से चलेगा संयंत्र**

शिवपुरी में बनने वाले इस संयंत्र के संचालन के लिए आवश्यक जल आपूर्ति मणिखेड़ा डैम से की जाएगी। इसके लिए 120 एमसीएम वाटर बैराज और 40 एमसीएम बैलेंसिंग रिजर्व वेल की योजना भी तैयार कर ली गई है। परमाणु ऊर्जा विभाग ने इस दिशा में प्रारंभिक सर्वे और जमीन चिन्हांकन का कार्य पूरा कर लिया है। मध्यप्रदेश में अभी कोई सक्रिय परमाणु संयंत्र नहीं है, लेकिन केंद्र सरकार ने चार जिले शिवपुरी, मंडला, देवास और नीमच में परमाणु परियोजनाएं स्थापित करने की योजना बनाई है।

## अंबिकापुर : मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदार पर कार्रवाई, 150 किलो नकली पनीर जब्त, दुकान भी सील

एजेंसी



**अंबिकापुर :** अंबिकापुर में जिला प्रशासन, खाद्य विभाग और पुलिस टीम ने मिलावटी खाद्य सामग्री को लेकर छापेमारी की है। जिसमें 150 किलो नकली पनीर पकड़ाया है। दूध की बजाय पावडर और केमिकल्स के इस्तेमाल से पनीर बनाया जा रहा था। मामला बिशुनपुर के सागर डेयरी का है। छापेमारी से क्षेत्र के सभी दुकानदारों डर का माहौल है।

शुक्रवार शाम को खाद्य विभाग, जिला प्रशासन और पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई के दौरान सागर डेयरी से पनीर बनाने का सामान व केमिकल जब्त कर फर्म को सील कर दिया गया है। जांच के दौरान पाया गया कि चारों तरफ गंदगी फैली हुई थी और फर्म का रजिस्ट्रेशन भी एक्सपायर हो चुका है। खाद्य सुरक्षा नियमों की अनदेखी भी की गई है। एसडीएम फागेश सिन्हा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी और पुलिस बल संयुक्त टीम ने बिशुनपुर खुर्द स्थित सागर डेयरी में कार्रवाई के दौरा लगभग 150 किलोग्राम पनीर जब्त किया गया है। जांच के समय वहां मौजूद व्यक्ति ने अपना नाम मोहित कुमार बताया, जबकि फर्म के मालिक का नाम शाहिद बताया गया है। मौके पर पनीर बनाने के लिए उपयोग में आने वाले पावडर और केमिकल्स भी मिले हैं, जिनकी जांच कराई जाएगी कि ये केमिकल प्रतिबंधित या घातक तो नहीं हैं। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ नायब तहसीलदार और पुलिस बल भी मौजूद थे। एसडीएम फागेश सिन्हा ने बताया कि मामले की जांच के बाद दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### आईटीआई बस्तर में 15 अप्रैल को होगा पीएम एप्रेंटिसशिप कैम्प का आयोजन



**जगदलपुर :** जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 15 अप्रैल 2025 को प्रातः 9.30 बजे से सायंकाल 5 बजे तक किया जाएगा। मेले में आईटीआई के समस्त व्यवसायों के उत्तीर्ण प्रशिक्षणाथिर्यो का अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीयन व औद्योगिक प्रतिष्ठान का एस्टेब्लिशमेंट रजिस्ट्रेशन संबधित भी किया जाएगा। इस अवसर पर औद्योगिक प्रतिष्ठानों के संचालक एवं प्रबंधक को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है, ताकि अधिक से अधिक आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी रोजगार के अवसरों से लाभान्वित हो सके।

## न्यूज IN ब्रीफ

### प्रयागराज : हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में भक्तों की भीड़, पुलिस सुरक्षा में मुस्तैद

**प्रयागराज :** श्री हनुमान जन्मोत्सव के मद्देनजर नगर के संगम क्षेत्र में स्थित बड़े हनुमान मंदिर सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। संगम स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर संगम क्षेत्र में स्थित बड़े हनुमान मन्दिर व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर शान्ति एवं कानून व्यवस्था का जायजा लिया है। इसके साथ ही ड्रोन कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी की जा रही है। इतना ही नहीं नगर में स्थित अन्य हनुमान मंदिरों की सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात करते हुए मुस्तैदी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर शनिवार को सुबह से ही संगम समेत अन्य स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई।

### हनुमत जयंती पर निकली श्री हनुमान ध्वजा यात्रा

**वाराणसी :** चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि पर शनिवार को काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ की नगरी में हनुमत जयंती उल्लासपूर्ण माहौल में मनाई जा रही है। श्री संकट मोचन मंदिर सहित सभी हनुमत मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए युवाओं की भीड़ उमड़ रही है। हनुमत जयंती पर ही परम्परानुसार नगर के कई हिस्सों में श्री हनुमान ध्वजा यात्रा निकाली गई। इसी क्रम में श्री हनुमत सेवा समिति नेवादा के तत्वावधान में भिखारीपुर तिराहे से श्री संकट मोचन मंदिर तक श्री हनुमान ध्वजा यात्रा निकाली गई। यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं के साथ महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश सहित पूर्वांचल के कई जिलों से आए श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्री हनुमत सेवा समिति के पदाधिकारियों के अनुसार इस बार यात्रा का 22वां संस्करण रहा। इसमें लगभग 20 हजार श्रद्धालुओं के साथ बच्चों और महिलाओं ने भी भाग लिया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु हनुमान जी के जयकारों के साथ हाथों में हनुमत ध्वज लेकर चल रहे थे। वहीं कई भक्तों के हाथों में गदा और शिव का विशाल त्रिशूल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की सेवा के लिए मार्ग में 250 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें फल, मिठाई, लस्सी, जूस, छाछ और ड्राईफ्रूट आदि की निःशुल्क व्यवस्था की गई थी। इसी क्रम में शहर के रविंद्रपुरी और सुंदरपुर क्षेत्र से भी भक्तों ने हनुमत ध्वज यात्रा निकाली। श्री संकट मोचन मंदिर पर पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ।

### किश्तवाड़ मुठभेड़ में दो और आतंकवादी मारे गए, मृतकों की संख्या हुई 3, ऑपरेशन जारी

**किश्तवाड़ :** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छत्रू वन क्षेत्र में शुक्रवार से चल रही मुठभेड़ में दो और अज्ञात आतंकवादी मारे गए। इस तरह मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन में अब तक दो और आतंकवादी मारे गए हैं। इलाके में ऑपरेशन जारी है। गौरतलब है कि 9 अप्रैल को छत्रू के जंगलों में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई थी। सुरक्षा बलों ने संदिग्ध गतिविधि देखकर मोर्चा संभाला था।

### उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के उद्घाटन से पहले रियासी में बढ़ाए गए सुरक्षा उपाय

**जम्मू :** उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के उद्घाटन के लिए 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा की तैयारी में जम्मू-कश्मीर के रियासी में सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं। रेलवे बोर्ड में सूचना और प्रचार के कार्यकारी निदेशक (ईडी/आईपी) दिलीप कुमार ने कहा कि 119 किलोमीटर की सुरंग सहित 272 किलोमीटर का यह खंड क्षेत्र की कनेक्टिविटी के लिए एक महत्वपूर्ण विकास है। उन्होंने कहा कि कश्मीर तक ट्रेन चलाना हर भारतीय का सपना रहा है। इसके लिए हमने लंबी तैयारी की है और अब यह यूएसबीआरएल खंड तैयार है। उन्होंने कहा कि इस 272 किलोमीटर के खंड में 119 किलोमीटर की सुरंग है। यह पूरा क्षेत्र कश्मीर की धार्मिक, पर्यटन और कनेक्टिविटी जरूरतों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को यूएसबीआरएल परियोजना का उद्घाटन करेंगे। कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री इस पूरी परियोजना को देश को समर्पित करने जा रहे हैं, इससे देश के लोगों को काफी फायदा होगा। अब तक की योजना के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी 19 अप्रैल को इस परियोजना को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि इसके उद्घाटन के दिन दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें सेवा शुरू करेंगी, एक श्रीनगर से और दूसरी कटरा से श्रीनगर के लिए चलेगी। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक ने कहा कि परियोजना के शुरू होने की तारीख पर हमने दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चलाने की योजना बनाई है। एक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन श्रीनगर से चलेगी और दूसरी कटरा से श्रीनगर तक चलेगी। 23 जनवरी को भारतीय रेलवे ने श्री माता वैष्णो देवी कटरा रेलवे स्टेशन से श्रीनगर रेलवे स्टेशन तक पहली वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन किया था। इस ट्रेन को कश्मीर घाटी की ठंडी जलवायु परिस्थितियों के लिए डिजाइन किया गया है।

### वक्फ संशोधन विधेयक पर विपक्ष की चुप्पी को लेकर भड़कीं मायावती



**लखनऊ, :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने केंद्र सरकार के लाए गए वक्फ संशोधन विधेयक पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस विषय पर विपक्ष की चुप्पी को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर करारा प्रहार किया है।

मायावती ने एक्स पर लिखा है कि वक्फ संशोधन बिल पर लोकसभा में लम्बी चर्चा हुई। इस पर नेता प्रतिपक्ष के कुछ नहीं बोलना अर्थात सीएए की तरह संविधान उल्लंघन का मामला होने के विपक्ष के आरोप के बावजूद इनका चुप्पी साधे रहना क्या उचित है। इसे लेकर मुस्लिम समाज में आक्रोश व इनके इण्डिया गठबंधन में भी बेचैनी होना स्वाभाविक है। वैसे भी देश में बहुजनों के हित, कल्याण एवं सरकारी नौकरी व शिक्षा आदि में इन वर्गों के आरक्षण के अधिकार को निष्प्रभावी करके इन्हें वंचित बनाए रखने के मामले में कांग्रेस, भाजपा आदि ये पार्टियां बराबर की दोषी हैं। धार्मिक अल्पसंख्यकों को भी इनके छलावा से बचना जरूरी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इनके ऐसे रवैयों के कारण उत्तर प्रदेश में भी बहुजनों की स्थिति हर मामले में काफी बदहाल व त्रस्त जबकि भाजपाइयों को कानून हाथ में लेने की पूरी छूट है। बिजली व अन्य सरकारी विभागों में बढ़ते हुए निजीकरण से हालात चिन्तनीय है। सरकार जनकल्याण का संवैधानिक दायित्व सही से निभाए।

न्यूज ब्रीफ

## छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया गया



**मेट्रो रेज संवाददाता :** स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी के प्रेक्षागृह में आज छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अवसर था मैट्रिक परीक्षा व इंटर परीक्षा में शामिल और अव्वल छात्राओं को सम्मानित करना। इस अवसर पर आयोजन के अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय निरंतर छात्राओं के प्रति संवेदनशील और संकल्पित है। वरिष्ठ शिक्षक व वर्तमान प्रभारी प्रधानाध्यापक मुहम्मद परवेज आलम ने अपने संबोधन में बोला यह एक खास तरह का पल होता है कि बच्चों को अपने विद्यालय में सम्मानित होने का गौरव मिले। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक शिक्षिका और छात्राओं के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। विद्यालय संगीत शिक्षक प्रमोद कुमार ने समय और मौसम के अनुसार गीत संगीत से इस आयोजन को कलात्मक बना दिया। वरीय शिक्षिका अर्चना कुमारी,प्रतिमा कुमारी, संगीता कुमारी सभा को संबोधित करते हुए कहा पूरे साल भर के मेहनत का फल होता है विद्यालय में सम्मानित होना। वहीं मनोविज्ञान शिक्षिका रिंकल कुमारी, पिंकी कुमारी, अर्पिता यादव,रिंकी कुमारी, प्रिती कुमारी , इन्दु यादव,ने भी अपने अपने अलग अलग में विचार रखते हुए छात्राओं का हौसला बढ़ाया। वरिष्ठ शिक्षक मनोज कुमार, संस्कृत शिक्षक सुनित त्रिपाठी, सिकंदर कुमार ने कला प्रेक्षागृह में संबोधित करते हुए बोले छात्राओं को सम्मानित करना अपने आप में मौलिक पल होता है। छात्र छात्रा जीवन में यह पल एक बार आता है,और अपने गांव के स्कूल से सम्मान हासिल करना पूरे जीवन के लिए यादगार बना देता है। इस अवसर पर इंटर में स्कूल टॉपर तनु कुमारी ने भी संबोधित किया और बोली कि हमने कही थी कोचिंग और ट्यूशन नहीं किया, स्कूल शिक्षक के अच्छे विचार और मेहनत ने हमें सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। आयोजन का विधिवत संचालन करते हुए चित्रकार रौशन राय ने कहा विद्यालय गांव घर के लिए मंदिर जैसा होता है। छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए यह पल खास होता है। इस अवसर पर मैट्रिक में शामिल सभी छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ शिक्षक अजय राय अपने मौलिक संबोधन में कहा छात्राओं के लिए स्कुली शिक्षा जरूरी है,आज महिलाएं छात्राएं शिक्षित होकर समाज विकास में सहायक हो रही है। इस अवसर पर अभिभावक शिक्षक शिक्षिका छात्राओं के बीच एक उत्सवी माहौल रहा जो आयोजन को खुशनुमा बना रहा था। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में, सुधांशु कुमार,निरज कुमार मिना देवी, चर्चिल टैगोर, नंदनी कुमारी, गुड़िया कुमारी, रागिनी कुमारी, सुरभि कुमारी, के साथ ढेरों अविभावक मौजूद थे।अंत में धन्यवाद वरिष्ठ शिक्षक अजय राय ने दिया।

## सरकारी स्कूलों में सैनिटरी नैपकिन का किया जा रहा वितरण



**गुमला :** गुमला जिला में बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल पर गुमला जिला अंतर्गत सभी सरकारी स्कूलों में प्रोजेक्ट किशोरी के तहत बनाए जा रहे सैनिटरी नैपकिन ₹र४स्त्री१ ठङ्क५₹ का वितरण किया जा रहा। इसी कड़ी में आज जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा रायडीह प्रखंड के अंतर्गत अवस्थित विभिन्न स्कूलों में छात्राओं के बीच सैनिटरी नैपकिन का वितरण किया गया। छात्राओं के बीच माहवारी को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुमला जिले के सभी सरकारी स्कूलों में सैनिटरी नैपकिन का वितरण किया जा रहा।

## भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री सुचिता सिंह दिल्ली में हुई सम्मानित



**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय नई दिल्ली में राष्ट्रीय महिला मोर्चा द्वारा आयोजित 'उत्कृष्ट महिला सम्मान समारोह'में देश भर के उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में कमलमित्र , सेल्फी विद लाभार्थी' एवं जी.ई. एम.पोर्टल जैसी पहलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम मे देश के हर राज्य से तीन महिलाओं को सम्मानित किया गया जिसमें झारखंड राज्य से वरिष्ठ भाजपा नेत्री सह छात्र क्लब पर्यावरण मंच के वरीय संरक्षक सुचिता सिंह को कमल मित्र मे बेहतर कार्य के लिए,संपति कुशवाहा को सेल्फी विथ लाभार्थी के लिए एवं विनीता कुमारी को जी.ई.एम.पोर्टल में बेहतर कार्य करने के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री एवं भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित करते हुए सभी लोगों का हौसला बुलंद किया।मौके पर कार्यक्रम में संगठन मंत्री बी.एल.संतोष,केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री स्मृति जूबीन ईरानी,महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन,

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पंडा,महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव दीप्ति रावत भारद्वाज,नीतू डबास सहित छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा आदि आदि मौजूद थे।

यह कार्यक्रम भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन जी के नेतृत्व में आयोजन किया गया था,जो जमीनी स्तर पर जागरूकता,प्रशिक्षण और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की पहल थी।

हम सभी इस पहल के लिए महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन एवं उनकी पूरी टीम एवं अन्य सभी उपस्थित अतिथियों सहित झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह को हृदय की गहराई से आभार व्यक्त करती हूँ।

### बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर मानव श्रृंखला की तैयारी जोरों पर

# संविधान बचाना है, बाबा साहेब के सपनों का भारत बनाना है : केशव महतो



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची:** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल को रांची के अंबेडकर चौक डोरंडा से राजेन्द्र चौक तक मानव श्रृंखला एवं आमसभा का आयोजन किया जा रहा है। इसकी तैयारियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश के साथ विधायक भूषण बाड़ा,प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे,मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव,डॉ राजेश गुप्ता,अजय नाथ शाहदेव,राँची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ कुमार राजा, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने समीक्षा किया।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि यह आयोजन संविधान की मूल भावना को बचाने और बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ङ्गभाजपा सरकार निरंतर हमारे संविधान को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। ऐसे समय में हर कांग्रेस कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह संविधान की रक्षा में पूरी ताकत से खड़ा हो।

समीक्षा के दौरान नेताओ ने अंबेडकर चौक से राजेन्द्र चौक तक मानव श्रृंखला का मार्ग तय किया, जिसमें पदाधिकारियों की उपस्थिति और ज़िम्मेदारी तय की गई है। पदाधिकारियों को आयोजन की प्रत्येक व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

इस अवसर पर कांग्रेस के झारखंड प्रभारी श्री के. राजू जी की उपस्थिति भी सुनिश्चित की गई है, जो इस ऐतिहासिक आयोजन में सम्मिलित होंगे और आमसभा को संबोधित करेंगे।

केशव महतो कमलेश जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि संविधान की रक्षा करना और बाबा साहेब के सपनों का भारत बनाना आज हर कांग्रेस कार्यकर्ता का कर्तव्य है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारा संविधान पूरी दुनिया में एक मिसाल है और आने वाले समय में पूरी दुनिया हमारे संविधान से प्रेरणा लेगी।

## राष्ट्रव्यापी पंजीकरण अभियान शुरू किया गया

**गुमला :** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय राज्य सरकार के सहयोग से विशेष राष्ट्रव्यापी पंजीकरण अभियान शुरू किया गया है। जिसमें सभी गिग एवं प्लेटफॉर्म श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण किया जाना है। यह अभियान आयुश्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत व्यापक स्वास्थ्य करवेज प्रदान करने की दिश में एक महत्वपूर्ण पहल है। उक्त श्रमिकों का पंजीकरण हेतु विशेष अभियान दिनांक 07.04.2025 से 17.04.2025 तक चलाया जाएगा। सभी प्लेटफॉर्म आधारित गिग श्रमिकों को इस विशेष अभियान में भाग लेने के लिए दृढता से प्रात्साहित किया जाता है। सभी गिग एवं प्लेटफॉम श्रमिक अपने निकट के प्रज्ञा केन्द्र में अपना पंजीकरण ई-श्रम पोर्टल में करा सकते हैं।

## चाईबासा डीसी ने विकास कार्यों से जिला को बनाया बेहतर



**ज्योति पाठक**

पश्चिम सिंहभूम चाईबासा के लोकप्रिय,कर्मठ एवं उपलब्धि साथ ही साथ जिला के अति सुदूर क्षेत्रों में स्वयं पहुंचकर लोगों के साथ जनसंवाद सुनने के साथ साथ उनकी पीड़ा और समस्या को जानने के पश्चात तत्क्षण निवारण से जिला की सशक्त पहचान पूरे राज्य में बनी है यही नहीं लोकसभा और विधानसभा चुनाव में बेहतर ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने की जवाबदेही का निर्वहन तथा जिला के पांच विधानसभा क्षेत्रों में वर्ष 2019 की तुलना में 2024 विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत काफी बेहतर और उपलब्धि भरा रहा। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर राज्य के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार के हाथों सम्मानित भी जिससे इस जिला का नाम गौरवान्वित हुआ और पूरे राज्य में पश्चिम सिंहभूम की साख बनी । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भी इस जिले में निरंतर कई बार आगमन हुआ है और मुख्यमंत्री ने इस जिला के उत्कृष्ट कार्य और जिला के बेहतर विकास को काफी सराहा है ।

इस प्रकार से कहा जा सकता है कि उपायुक्त के रूप में कुलदीप चौधरी ने अपने पदस्थापना काल के पश्चात से बेहतर और भरपूर विकास गति दी है ऐसे उपायुक्त से राज्य और जिला दोनों गौरवान्वित होता है।

## दलमा के जंगल में बाघ, सेंदरा को लेकर ऊहापोह में वन विभाग

**जमशेदपुर :** दलमा वन्यजीव अभयारण्य में बाघ की मौजूदगी की पुष्टि के बाद, वन विभाग पारंपरिक आदिवासी शिकार उत्सव सेंदरा को लेकर सतर्क है। विभाग ने सेंदरा वीरों को जंगल में बाघ की उपस्थिति की जानकारी दी है। हालांकि, सेंदरा वीरों ने स्पष्ट किया है कि बाघ का शिकार उनकी सदियों पुरानी परंपरा का हिस्सा नहीं है और यदि उन्हें बाघ दिखाई देता है तो वे उसका शिकार नहीं करेंगे।इस बीच दलमा के राजा ने सेंदरा पर्व की तारीख का ऐलान कर दिया है। यह पारंपरिक शिकार उत्सव 5 मई को आयोजित किया जाएगा। बैशाख के महीने में आदिवासी समुदाय जानवरों का शिकार करके यह पर्व मनाता है। बाघ की मौजूदगी के बावजूद सेंदरा की तारीख घोषित होने से वन विभाग की चिंताएं बढ़ गई हैं। अधिकारी इस बात को लेकर सतर्क हैं कि कहीं शिकार के दौरान सेंदरा वीरों और बाघ का आमना-सामना न हो जाए। वन विभाग सेंदरा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखने और सेंदरा वीरों के साथ समन्वय स्थापित करने की योजना बना रहा है।

# संथाल परगना आयुक्त के तेवर से नशा विरोध अभियान हो रहा है कारगर

### कमिश्नर ने संताल परगना के सभी डीसी-एसपी को भेजा पत्र



**बिनय मिश्रा**

संताल परगना के प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल ने हाल के दिनों में प्रमंडल के अलग-अलग हिस्सों में ड्रग्स की बिक्री के आये मामलों को संज्ञान में लेकर सभी छह जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षकों को पत्र भेजा है, ड्रग्स पैडलरों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने को कहा है. उन्होंने अपने पत्र में इस बात का जिक्र किया है कि उन्हें विभिन्न सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि विद्यालयों व महाविद्यालयों के समीप कई वैसे ड्रग्स सप्लायर हैं, जिनके द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच अवैध रूप से ड्रग्स की बिक्री की जा रही है, जिससे छात्र-छात्राएं नशे की चपेट में आ रहे हैं. आये दिन विभिन्न आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, उन्होंने अपने-अपने जिले में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षकों को उड़नदस्ता गठित कर ड्रग्स सप्लायरों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए कार्रवाई से अवगत कराने का निर्देश

दिया है, वहीं प्रमंडलीय आयुक्त ने महुआ चुनने के लिए जंगल में लगायी जा रही आग को रोकने का निर्देश वन प्रमंडल पदाधिकारी व उपायुक्तों को दिया है, प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि ऐसी घटनाएं अलग-अलग इलाकों में लगातार देखने को मिल रही है. इससे न केवल पेड़-पौधे, वनोपज, जीव-जंतु ही नहीं पहाड़ में रहनेवाले लोगों की झुग्गी झोपड़ी भी जल जा रही हैं. ऐसे में वे अपने अधीनस्थ सभी अंचलाधिकारियों को हिदायत दें कि वे ऐसी घटनाओं पर रोक लगायें. वनपालों को भी इसके लिए हिदायत दी जाये. वहीं उन्होंने पेयजल संकट के निदान के लिए सभी अधिष्ठापित चापानलों को अविलंब दुरुस्त कराने, बंद पड़े चापानलों की तत्काल मरम्मत कराने, प्रखंड स्तर पर वाहन के साथ मिस्त्री की टीम बनाने, उनके संपर्क नंबर का प्रचार-प्रसार कराने तथा, सभी जलापूर्ति योजनाओं की जांच कराकर उसे चालू हालत में रखने की व्यवस्था कराने का निर्देश जारी किया है।

# पोषण पखवारा रथ रवाना, लोगों को करेगा जागरूक




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर :** 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पूर्वी सिंहभूम जिला में पोषण पखवारा मनाया जा रहा है। इस क्रम में समाहरणालय परिसर से शनिवार को डीडीसी अनिकेत सचान तथा धालभूम की अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार ने पोषण पखवारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर पोषण पखवाड़ा से संबंधित शपथ दिलाई गई।डीडीसी ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से पोषण पखवाड़ा के तहत किए जा रहे कार्यों एवं जागरूकता रथ के रोस्टर की जानकारी ली। जागरूकता रथ के द्वारा प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों को पोषण पखवाड़ा के उद्देश्यों, जैसे बच्चों के जीवन के प्रथम सुनहरे 1000 दिवस पर ध्यान, पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल का प्रचार-प्रसार, समर कार्यक्रम से समुदाय स्तर पर कुपोषण प्रबंधन, बच्चों में मोटापे के समाधान के लिए स्वस्थ जीवन शैली आदि के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों को खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां, दूध, फल, अंडा आदि को शामिल करने के प्रति जागरूक किया जाएगा।

डीडीसी ने इस मौके पर सभी को पोषण पखवारा की शपथ दिलाई। सभी ने शपथ ली कि भारत के बच्चों, किशोरों और महिलाओं को कुपोषण मुक्त, स्वस्थ और मजबूत करने, राष्ट्रीय पोषण पखवारा के दौरान हर घर तक सही पोषण का संदेश पहुंचाने, सही पोषण का अर्थ, पौष्टिक आहार, साफ पानी और सही प्रथाएं, पोषण अभियान को एक देशव्यापी जन आंदोलन बनाने, हर घर, हर विद्यालय, हर गांव, हर शहर में सही पोषण की गूंज उठाने, इस जन आंदोलन से मेरे भारतीय भाई और बहन और सब बच्चे स्वस्थ होंगे और पूरी क्षमता प्राप्त करेंगे। हम बाल विवाह नहीं करेंगे व हम ऐसे किसी आयोजन में शामिल नहीं होंगे, जहां बाल विवाह हो रहा हो। और हम यह प्रण करते हैं कि इसकी रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, ताकि हर बच्चा सुरक्षित, मुक्त और शिक्षित बन सके।

## परियोजना निदेशक ने आंगनबाड़ी व कस्तूरबा विद्यालय का निरीक्षण किया



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला परियोजना निदेशक रीना हांसदा ने डुमरी प्रखंड अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र , दाबु ,आंगनबाड़ी केंद्र,कांजी एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय,डुमरी के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया , उक्त आंगनबाड़ी केंद्रों का जीर्णोद्धार कार्य 2024-2025 योजना मद के तहत किया गया।

इस निरीक्षण के क्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। निरीक्षण के क्रम में पाए गए त्रुटियों हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। इसके पश्चात कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, डुमरी का निरीक्षण किया गया और वहां विद्यालय के जीर्णोद्धार कार्य की जानकारी ली गई , इस क्रम में उन्होंने विद्यालय में उपस्थित छात्राओं से भी बातचीत की। विद्यालय भवन में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर बनाया गया जिससे कि बालिकाओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो।

# उपायुक्त ने की कारा, खनन एवं सड़क सुरक्षा की संयुक्त समीक्षात्मक बैठक



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में एनसीओआरडी समिति, कारा, खनन, एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित संयुक्त समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। ठउडफ्क्र समिति की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिले में अवैध रूप से नशीले पदार्थों पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों एवं कॉलेज के 100 गज के अंतराल में लगे दुकानों में किसी भी प्रकार के तंबाकू ,गुटखा, गांजा एवं नशीले पदार्थों की बिक्री निषेध है। ऐसा पाए जाने पर उक्त दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को किसी नशीले पदार्थों की लत न लगे, इसके लिए नियमित जांच एवं आवश्यक छापेमारी करें। अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री करने वाले दुकानदारों एवं सप्लायर के यहां लगातार छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। इस संबंध में सभी अनुमण्डल पदाधिकारी एवं सभी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी को सप्ताहिक बैठक करने की बात कही गई।

**सड़क सुरक्षा**

उपायुक्त गुमला की अध्यक्षता में आज सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बीते एक वर्ष में हुई सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणों की विस्तृत समीक्षा की गई। सड़क सुरक्षा से संबंधित समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना से हुए मृतकों के परिवारजनों को शीघ्र ही मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की बात कही। इसके आलावा उन्होंने मृतकों के परिवार जनों को इंश्योरेंस की राशि एवं आपदा प्रबंधन समिति से मिलने वाली मुआवजा राशि भी दिलाने हेतु सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा सड़क दुर्घटना से हुए मृतकों के परिवारजनों को सड़क सुरक्षा के तहत 2 लाख रुपए की मुआवजा राशि दी जाती है , वहीं इसके अलावा आपदा प्रबंधन से भी परिवारजनों को 1 लाख रुपए की मुआवजा राशि प्रदान की जाती है। उपायुक्त ने सभी लाभुकों को योजनाओं का लाभ सही समय पर देने का निर्देश दिया। अभियंता राजकीय पथ प्रमण्डल को निर्देश दिया गया है की बसिया रोड के टूटे हुए गार्ड वाल को यथाशीघ्र लगाया जाए ताकि दुर्घटना में कमी लायी जा सके।

**खनन टास्क फोर्स समिति**

इस दौरान खनन अंतर्गत अवैध माइनिंग पर भी कड़ी नजर रखने एवं छापामारी करने आदि का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा अन्य कई मुख्य बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

**कारा**

कारा अंतर्गत व्यवस्थाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कारा अंतर्गत आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया, उन्होंने कारा अंतर्गत सभी नियमों का सख्ती से पालन करने की बात कही। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी गुमला, एसडीओ गुमला, एसडीओ बसिया, एसडीओ चैनपुर, सिविल सर्जन गुमला, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, डीएसपी गुमला, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, मोटरयान निरीक्षक गुमला, कार्यपालक अभियंता रास्ट्रीय उच्च पथ, कार्यपालक अभियंता राजकीय पथ प्रमण्डल ,परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग,गुमला , शल्य चिकित्सक, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहें।